सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.01.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 176



06 महाकुंभः प्रयागराज बनाएं सबके बिगड़े काज

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जो कहा सो किया
हर बहना को हर साल
₹30,000
मंईयां सम्मान कार्यक्रम

18 से 50 वर्ष की
हर मंईयां को
₹2,500
प्रति माह

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

दिनांक : 06 जनवरी 2025
समय : 12:30 बजे अपराह्न
स्थान : ट्रेनिंग ग्राउण्ड, खोजाटोली (कुटियातु चौक), नामकुम, राँची

योजना से संबंधित वीडियो देखने के लिए
QR CODE को स्कैन करें



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 343613 (IPRD) 24-25

# केंद्र से बकाया लेने के लिए कानूनी कार्रवाई पर विचार करेगी सरकार : राधाकृष्ण किशोर

## अगामी वित्त वर्ष में 10-15 हजार करोड़ का अतिरिक्त राजस्व उगाही का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र से बकाया 1.36 लाख करोड़ की मांग पर कहा कि पूर्व मुख्य सचिव सुखेदव सिंह ने 2021 में विस्तृत डाटा तैयार कर केंद्र सरकार से बकाये की मांग की थी। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी केंद्र को पत्र लिखा था। यह बातें उन्होंने शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि सीएम और सीएस के हस्तक्षेफ के बाद भी भारत सरकार की ओर से एक बार भी इस पर कोई जवाब नहीं आया, बल्कि बिहार के सांसद के सवाल पर यह उत्तर दे दिया कि कोई बकाया झारखंड का नहीं है।

ऐसे में राज्य सरकार राशि वापस लेने के विकल्पों पर विचार कर रह रही है, कानूनी कार्रवाई भी एक रास्ता है। इस पर जल्द निर्णय लिया जायेगा।

**9-10 जनवरी को वाणिज्यकर अधिकारियों साथ बैठक :** वित्त विभाग 9 और 10 जनवरी को राजस्व उगाही को देखते हुए राज्य भर के वाणिज्यकर अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। इसमें वित्त मंत्री सहित विभाग के सचिव व वाणिज्यकर आयुक्त अमित कुमार होंगे।

16-17 जनवरी को बजट पर परिचर्चा

वाणिज्यरकर आयुक्त अमित कुमार ने बताया की 16-17 जनवरी को बजट पर परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इसमें विशेषज्ञों की राय ली जाएगी। पहले दिन कृषि, खान, पर्यटन, नगर विकास, पथ, परिवहन, उर्जा व उद्योग विभाग पर चर्चा की जायेगी। दूसरे दिन स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, कल्याण, महिला, बाल विकास विभाग पर चर्चा होगी।


### 10-15 हजार करोड़ अधिक राजस्व उगाही का लक्ष्य : प्रशांत कुमार

इस अवसर पर वित्त सचिव झारखंड प्रशांत कुमार ने बताया की झारखंड में विकास योजनाओं के लिए राशि की कमी नहीं है। इस वित्त वर्ष में 1।28 लाख करोड़ का बजट है जिसमें 60 फीसदी राशि योजनामद व 40 फीसदी राशि स्थापना में खर्च की जाती है। यानि 48 हजार करोड़ ही स्थापना में जा रहा है। उन्होंने कहा की मंईया योजना या अन्य कोई योजना के लिए राशि की कमी नहीं है। उन्होंने कहा की झारखंड का हर वर्ष कैपिटल गेन 10 फीसदी तक हो रहा है, जिस वजह से भारत सरकार ने अब तक 450 करोड़ का इंसेटिव भी दिया है। राज्य सरकार ने अगामी वित्त वर्ष में 10-15 हजार करोड़ का अतिरिक्त राजस्व उगाही का लक्ष्य रखा है, जिसे हासिल भी किया जायेगा।

## अधिक मूल्य पर सोलर लाइट खरीद के आरोप में झाप्रसे अफसर दंडित

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी बंशीधर नगर पंचायत गढ़वा अमित कुमार पर कार्रवाई की गयी है। राज्य सरकार ने सरकारी सेवक नियमावली के तहत असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक का दंड अधिरोपित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। यह आरोप था की कोविड काल में बंशीधनगर नगर निकाय में सोलर लाईट लगाने व फोगिंग मशीन क्रय में अनियमितता की गयी। जेम पोर्टल तो इन सोलर स्ट्रीट लाइट की खरीद की गयी थी परंतु प्रति इकाई मूल्य 294500 ।00 अधिक प्रतीत हुआ। विभागीय जांच समिति ने कहा की वास्तविक मूल्य से ज्यादा खरीद होने के कारण गड़बड़ी की आशंका प्रतीत होती है। मामले पर उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया। जवाब की समीक्षा करने और सारे तथ्यों की जांच के बाद दंड अधिरोपित किया गया है।

## रक्तदान जीवन दान के समान है : सुबोधकांत



**रांची।** सामाजिक संस्था लहू बोलेगा एवं अंजुमन जफरिया कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने रक्तदाताओं से पीड़ित मानवता की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहने की अपील की। शिविर में आकर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को श्री सहाय ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में लहू बोलेगा संस्था के नदीम इकबाल, नेहाल अहमद, फराज अब्बास सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सोहराय मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

# प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासियों की अहम भूमिका

### जनजातियों के आर्थिक विकास के लिये सरकार प्रतिबद्ध, सोहराय पर्व एकता एवं सौहार्द का प्रतीक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सोहराय पर्व हमारी सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है। श्री सोरेन रविवार को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आयोजित सोहराय मिलन समारोह बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रतिवर्ष इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। आदिवासी समाज आज के दिन अनेक रीति-रिवाज के साथ प्रकृति की पूजा करते हैं। आज आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने की जरूरत है। सोहराय पर्व के माध्यम से हम सभी एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। यह पर्व परिवार एवं प्रकृति से जुड़ा पर्व है। यह एक ऐसा त्योहार है। इसमें भाईचारा, समानता तथा भाई-बहन का प्रेम झलकता है।

उन्होंने कहा कि जल,जंगल, जमीन की रक्षा के लिये हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल, जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज हमेशा से जल,जंगल और जमीन की रक्षा के लिये अपना बलिदान दिया है। इसलिये जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल,जंगल, जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिये आगे आयें।

उन्होंने कहा कि आदिवासी के समाज के सर्वांगीण विकास के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, समाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिये कई महत्वाकांक्षी कार्य हुये है। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई है। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में हमारी सरकार समाज के वंचित वर्गों के सामाजिक, आर्थिक और समग्र विकास को सुनिश्ति करने में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राजधानी सांवता समिति के संरक्षक सनातन मरांडी, अर्जुन मरांडी, मेघलाल सोरेन, डॉ दिनेश मुर्मू, सुधीर सोरेन, संजय हांसदा, विनय टुडू एवं राजधानी सांवता समिति के सभी पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# यूजीसी ने झारखंड के 45 छात्र छात्राओं को दी अहम जिम्मेदारी

### एनईपी सारथी करेंगे उच्च शिक्षण संस्थानों में नयी शिक्षा नीति का प्रचार-प्रसार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) ने झारखंड के 45 छात्र-छात्राओं को अहम जिम्मेदारी दी है। इन्हें एनईपी सारथी के रूप चयनित किया है। सारथी यानी स्टूडेंट अंबेसडर फॉर एकेडमिक रिफॉर्म इन ट्रांसफॉर्मिंग हायर एजुकेशन इन इंडिया। बताते चलें कि देशभर में नयी शिक्षा नीति का उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रचार-प्रसार करने के लिए यूजीसी ने कुल 117 उच्च शिक्षण संस्थानों से 725 विद्यार्थियों का चयन एनईपी सारथी के रूप में किया है। इनमें झारखंड के 45 विद्यार्थी चुने गये हैं। इनमें बीआईटी मेसरा के 6, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के 9 , अरका जैन विश्वविद्यालय के 9, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय जमशेदपुर के 9, सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के 9 और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के 3 विद्यार्थी शामिल हैं। कुल 45 में 30 लड़कियां हैं। एनईपी सारथी के लिए चुने गए छात्रों को यूजीसी और विश्वविद्यालय द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ रिकग्निशन दिया जायेगा। उन्हें यूजीसी के ऑनलाइन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। एनईपी सारथी के जिम्मे कई कार्य दिये गये हैं। इनमें एनईपी-2020 के बारे में जागरूकता पैदा करना, छात्रों को एनईपी की पहलों के बारे में बताना, एनईपी के कार्यान्वयन में सुधार के लिए छात्रों से फीडबैक लेना, एनईपी की पहल से लाभ उठाने के तरीके के बारे में छात्रों और संस्थानों का मार्गदर्शन करना, संकाय, एनईपी की पहल के बारे में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करना, विश्वविद्यालय और कॉलेज के उत्सवों में एनईपी हेल्प डेस्क लगाना आदि शमिल है।

## जनता के साथ धोखेबाजी करना कांग्रेस का पुराना इतिहास : साहू

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि जनता के साथ धोखेबाजी करना कांग्रेस का पुराना इतिहास है। श्री साहू ने कहा कि वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को अपना ज्ञान बढ़ाना चाहिये। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस दोनों ने 450रुपये में गैस सिलिंडर देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री के बयान पर मुख्यमंत्री को स्थित स्पष्ट करनी चाहिये। उन्होंने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री के बयान में कांग्रेस पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण किशोर का 450रुपये में गैस सिलिंडर देने के वादों को सिरे से नकार देना हेमंत सरकार की नियत को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और झामुमो दोनों ने विधानसभा चुनाव में जनता का वोट पाने केलिये बड़े पैमाने पर लोकलुभावन वादे किये। उन्हीं वादों में 3200रुपये क्विंटल धान खरीद और 450रुपये में जनता को गैस सिलिंडर देने की घोषणायें शामिल है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही राज्य सरकार अपने सभी वादों को एक-एक कर भूल रही है। राज्य में धान की खरीद 2400रुपये में हो रही है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री का यह बयान कि 450रुपये में सिलिंडर देने का वादा इंडी गठबंधन का नहीं था। बल्कि यह कांग्रेस पार्टी का वादा था।इसे पूरा करने केलिये सरकार बाध्य नहीं है। यह सरासर अज्ञानता है। उन्होंने कहा कि जनता यह कैसे समझे कि कौन सा वादा इंडी गठबंधन का है।

# खिलाड़ियों का उम्मीद है उम्मीद फाउंडेशन : खेल मंत्री

### जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार से 33 खिलाड़ी हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को ऑड्रे हाउस में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह में राज्य के 33 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कुल पांच श्रेणियों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है। मुख्य अतिथि पर्यटन, कला संस्कृति और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी खिलाड़ियों, कोचों और खेल को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को सम्मानित किया। मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन उन खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके बीच एक उम्मीद पैदा कर रहा है, ताकि खिलाड़ी अपने खेल से अपना और राज्य का नाम देश दुनिया में कमा सके। झारखंड खनिज संपदा के साथ खिलाड़ियों को भी पैदा करता है। उम्मीद फाउंडेशन बिना किसी सरकारी सहयोग के खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है। राज्य सरकार भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देकर उनका सम्मान कर रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करते हुए कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के साथ हर समय खड़ी है। झारखंड के बिना हॉकी खेल अधूरा है। झारखंड ने देश को कई खिलाड़ी दिए। उन्होंने उम्मीद फाउंडेशन के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सहयोग खिलाड़ियों को सम्मान कर रही है यह बहुत बड़ी बात है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया और उम्मीद फाउंडेशन के कार्यों की जानकारी दी। संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने जयपाल सिंह मुंडा के जीवनी और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय क्रीड़ा विंग के प्रदीप मिर्धा ने दिया।

**ये थे मौजूद :** सम्मान समारोह में पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, रांची कांग्रेस महानगर के अध्यक्ष कुमार राजा, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलको, महेंद्र खलको, विनोद तिर्की, संगीता तिर्की, विनय महतो, शंकर दुबे, कुमुद साहू, अनिरुद्ध पांडे, विक्की करमाली, मुन्ना टोप्पो, अनिल कच्छप, दीपक मिर्धा, अक्षय तिवारी, पुष्पा तिर्की समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के तहत खिलाड़ियों कोच और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार में दीपिका कुमारी, निक्की प्रधान, अंकिता भगत, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, बाबूलाल हेंब्रम, मनीष मुंडा, अभिषेक लकड़ा, आलोक लकड़ा, पीयूष, सबीना कुमारी शामिल है। वहीं, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार के तहत विकास कच्छप, अमीषा केरकेट्टा, अनूप कुमार, ईशान सिंह, इशा सोनकर, सुजाना लकड़ा, शिला कुमारी, स्नेहा थापा, यमुना पासवान, निशिमा कुमारी और रिया वर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार में प्रकाश राम, बबलू कुमार, सरोजनाथ महतो, भूपेंद्र नाथ राम, राजीव रंजन, ज्योति, सुधीर गोला को सम्मानित किया गया। गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड में स्वर्गीय रॉबर्ट किस्पोट्टा, मानस सिन्हा और मारिया जी मिंज को सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग को झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

## खबर एक नजर में

### विधवा पेंशन अविलंब भुगतान करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि हमारी विधवा माताओं बहनों की स्थिति आज बेहद दयनीय और चिंताजनक हो गई है। इस सरकार में उन्हें भारी संकट और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विधवा पेंशन, जो उनके जीवन का एकमात्र सहारा है, पिछले 6 महीनों से बंद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का कहना है कि सरकार ने विधवा पेंशन फंड का पैसा मंईया सम्मान योजनाष के लिए ट्रांसफर कर दिया है। इससे उनकी पेंशन रुक गई है। उन्होने कहा कि विधवा पेंशन हमारी माताओं बहनों के लिए सिर्फ एक राशि नहीं है। बल्कि एक ऐसा सहारा है जो उन्हें सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करती है। पेंशन के बंद होने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में समस्यायें बढ़ गई हैं। कई महिलायें भोजन, दवाइयों और अन्य जरूरतों के लिये संघर्ष कर रही हैं। लेकिन इसके बाद भी हेमंत सरकार उनकी मजबूरी और दर्द को नजरअंदाज करके उनकी स्थिति का मजाक बना रही है। उन्होंने कहा कि एक योजना की कीमत पर दूसरी योजना को आगे बढ़ाना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। सरकार को यह समझना होगा कि हमारी विधवा माताओं बहनों के जीवन में पेंशन की कितनी अहम भूमिका है। इसलिए मुख्यमंत्री को तत्काल नींद से जागकर विधवा पेंशन को बहाल करना चाहिये।

### प्रखंड कार्यालयों के पुराने भवनों का आम जनमानस के लिए होगा उपयोग

**रांची।** सूबे के 260 से अधिक प्रखंड कार्यालयों के पुराने भवनों का नये सिरे से उपयोग में लाने पर विचार किया जा रहा है। इन पुराने भवनों में आम जनमानस के उपयोग के लिए लाने पर योजना बनायी जा रही है। चूंकी प्रखंड कार्यालय में रोजाना सैंकड़ों लोगों का आना-जाना रहता है। पुरूषों के साथ कई महिलाएं भी विभिन्न कार्यों को लेकर प्रखंडों का चक्कर लगाती हैं। कई बार पूरा दिन इसमें गुजर जाता है। ऐसे में प्रखंड कार्यालय में कोई खास सुविधा नहीं रहने पर उन्हें काफी परेशानी भी होती है। ऐसे में ग्रामीण विकास विभाग ऐसे पुराने व अनुपयोगी भवनों को चिंहित करने का निर्देश सभी उपविकास आयुक्त व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया है। ऐसे पुराने भवन का उपयोग आम जनमानस द्वारा किए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया है। इन प्रखंड कार्यालयों में शौचालय, पेयजल एवं बैठने की पूरी व्यस्था सहित अन्य जरूरत के काम किया जायेगा। शीघ्र ही इसका प्रस्ताव विभाग ने मांगा है ताकि योजना की स्वीकृति दी जा सके।

### दीपक प्रकाश बने क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को रांची क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य बनाया गया हैं। संसदीय कार्य मंत्रालय के अवर सचिव अनिल कुमार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर उन्हें यह जानकारी दी है। समिति के सदस्य बनाये जाने पर सांसद करदाताओं को हो रही परेशानी एवं उसकी सुविधाओं के बारे में न सिर्फ विभाग से जानकारी ले सकेंगे बल्कि उसे समुचित दिशा-निर्देश भी दे सकेंगे।

### ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता दीदी का मना जन्मदिन



**रांची।** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 70 वी जन्मदिन रविवार को झारखंड प्रदेश कार्यालय बरियातू में धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर केक काटा गया और कंबल वितरण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो, प्रदेश सचिव सह कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह, पार्टी प्रवक्ता संजय कुमार पांडे, मजदूर संगठन प्रभारी सुधांशु शाह, महानगर अध्यक्ष राजेश पांडे, रांची जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, महिला मोर्चा सदस्य सुशीला देवी, अर्जुन लोहार, नीतीश कुमार, पितांबर, साहू निर्मल कुजूर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### रांची जिला में राजद के दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य: संजय यादव

**रांची।** रांची जिला में राष्ट्रीय जनता दल ने दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए बूथ से लेकर प्रखंड स्तर पर काम किया जाएगा। इसके लिए कार्य का बंटवारा जल्द होगा। उक्त बातें रविवार को राजद के बाईपास रोड बिरसा चौक स्थित प्रदेश कार्यालय में जिला राजद की एक महत्वपूर्ण बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड के कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कही। इसके पूर्व मंत्री श्री यादव के प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो की अगुवाई में श्री यादव का भव्य स्वागत किया गया।बैठक की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष श्री महतो ने की। इस मौके पर विभिन्न दलों से आए नेताओं द्वारा राजद की सदस्यता ग्रहण करने पर मुख्य अतिथि ने उन्हें माला पहना कर पार्टी में आने का स्वागत किया । बैठक में रांची जिला राजद के विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, सहित राजद की सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, मनोज अग्रवाल, मुख्तार अंसारी, श्री राम भगत, सुदेश्वर ठाकुर, मिथिलेश पासवान, मोहम्मद जब्बार अंसारी, रमापति महतो, निरंजन महतो, जसवंत यादव, राम भजन सिंह, कमलेश कुमार, अजय कुमार यादव, सूरज कुमार, इस्माइल अंसारी, संजय ओझा, योगेंद्र यादव, सुधीर, राजकुमारी देवी, सुशीला देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थीं।



### सीएम से मिले स्पीकर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो के बीच मुलाकात हुई। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।



धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.01.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 176



12 पीएम ने नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन

## न्यूज डायरी

### ग्रामीण विकास मंत्री का जनता दरबार आज

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पूर्वाह्न 11 से 12 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह आमजन और कांग्रेसियों की समस्याओं को सुनेंगी तथा उसके निराकरण का प्रयास करेंगी।

### कोयला व्यवसायी को मारी गोली, रांची रेफर

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में रविवार को अपराधियों ने कोयला व्यवसायी अनिल केशरी को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली चलाने के बाद अपराधी बाइक से फरार हो गए। अनिल केशरी को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। गैंगस्टर राहुल दुबे ने इस घटना की जिम्मेवारी ली है।

### कार से टक्कर के बाद बस पलटी, 22 घायल

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के चंद्रपुर मोड़ के पास रविवार को कार और यात्री बस के बीच टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में बस के पलट जाने से 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बस पर सवार एक व्यक्ति का हाथ कटकर बस में ही रह गया। सभी घायलों को प्रारंभिक इलाज के बाद सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया।

### पत्नी ने पति की पीट-पीट कर दी हत्या

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के बागजोबड़ा गांव के पत्नी ने पति को पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान हेमलाल टुडू के रूप में की गयी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पत्नी फरार है। बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### मुंबई में 15 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई से सटे नालासोपारा और उल्हासनगर में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 15 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें नालासोपारा से 13 बांग्लादेशी नागरिक और उल्हासनगर से बांग्लादेशी पति-पत्नी हैं।

### रांची में खेल पुरस्कारों से नवाजे गये 33 खिलाड़ी

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से रविवार को ऑड्रे हाउस में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह 2024 में राज्य के 33 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कुल पांच श्रेणियों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल हैं।

सीएम ने अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप का किया लोकार्पण, सर्वश्रेष्ठ तीन सुझाव देनेवाले होंगे सम्मानित

# कल्याण और हितों का संवर्द्धन करने वाला संतुलित बजट हो : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री सोरेन ने रविवार को अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल और एक के माध्यम से वित्त वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण को लेकर विशेषज्ञ और आम जनता अपने सुझाव दे सकेंगे। श्री सोरेन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ तीन सुझाव देनेवालों को सम्मानित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अबुआ सरकार है। ऐसे में झारखंड के सतत, समावेशी और सर्वांगीण विकास के लिए लोगों के कल्याण एवं हितों का संवर्द्धन करने वाला संतुलित बजट हो, इसपर हमारी सरकार का विशेष फोकस है। इसलिये वित्त वर्ष 2025-2026 के बजट को लेकर आपके सुझाव, राय और विचार काफी मायने रखते हैं ताकि प्राप्त बेहतर सुझावों को आगामी बजट में जगह दिया जा सके। सुझाव देने की अंतिम तारीख 17 जनवरी 2025 है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट ऐसा हो, जिसमें सभी सेक्टर का संतुलित विकास हो सके। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आगामी बजट में यहां की ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली अर्थव्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाये। इसके साथ ही राजस्व संग्रहण की दिशा में भी ठोस कदम उठाने से संबंधित प्रावधानों को भी बजट में जगह मिले ताकि जनकल्याण और विकास से जुड़ी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा जाये।



### बेहतर और संतुलित बजट सरकार की प्राथमिकता

अबुआ बजट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का उद्देश्य वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर विशेषज्ञों और आम लोगों का सुझाव प्राप्त करना है ताकि राज्य सरकार एक बेहतर और संतुलित बजट पेश कर सके। इस दिशा में बजट को लेकर जो भी सुझाव-राय और विचार मिलेंगे उसकी समीक्षा की जायेगी ताकि झारखंड के विकास एवं यहां की जनता के अनुकूल उन सुझावों को बजट में शामिल करने की दिशा में पहल की जा सके। इस कड़ी में तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देनेवाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। सुझाव देने की अंतिम तारीख 17 जनवरी है।

16 और 17 जनवरी को बजट पर परिचर्चा

## मंइयां सम्मान या अन्य योजनाओं के लिए राशि की कमी नहीं : वित्त सचिव

■ मौजूदा वित्त वर्ष में राज्य का बजट ₹1.28 लाख करोड़, इसमें 60 फीसदी योजनाओं के लिए और 40 फीसदी राशि स्थापनाओं में की जाती है खर्च



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने कहा है कि मंइयां सम्मान और अन्य योजनाओं के लिए राशि में कोई कमी नहीं है। उन्होंने प्रोजेक्ट भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि झारखंड का हर वर्ष पूंजीगत लाभ 10 फीसदी हो रहा है। इसके एवज में केंद्र सरकार ने अब तक 450 करोड़ रुपये का इंसेंटिव भी दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में 10 से 15 हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की उगाही का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में राज्य का बजट 1.28 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 60 फीसदी राशि योजनाओं के लिए और 40 फीसदी राशि स्थापनाओं में खर्च की जाती है।

विभागीय सचिव ने यह भी जानकारी दी कि 9 और 10 जनवरी को वित्त विभाग, राजस्व की उगाही के लिए वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। इसके बाद 16 और 17 जनवरी को बजट पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिसमें विशेषज्ञों से भी राय ली जाएगी।

## इंडी गठबंधन के मंच पर तय होगा ₹450 में गैस सिलेंडर देने का वादा : वित्त मंत्री



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त-वाणिज्यकर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अगामी वित्त वर्ष 2025-26 का बजट इस्टीमेट तैयार करने के लिए आम जनों से सुझाव मांगा है। अबुआ बजट पोर्टल लांच होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 17 जनवरी तक आम लोग इसके जरिए अपना सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले बार भी 721 सुझाव मिले थे, जिसमें 27 सुझावों को बजट में शामिल किया गया था।

**पहले दिन मोबाइल एप पर मिले 23 सुझाव** : अबुआ पोर्टल लांच होने के पहले दिन 23 सुझाव भी मोबाइल एप पर मिल गये हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सभ्यता, संस्कृति तथा झारखंड वासियों की आवश्यकता के अनुरूप बजट तैयार करेगी। जिसमें गरीब, आदवासियों, अल्पसंख्यकों, महिला, एससी, युवा सहित सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा जायेगा। पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि राज्य की जनता को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा हमारी कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया था। इस पर आगे का निर्णय इंडी गठबंधन के प्लेटफार्म पर ही होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त सभी राजनीतिक दल अपना वादा करती है जब इसे लागू करना है, तो गठबंधन की बैठक में विचार के बाद ही फैसला होगा।

धान के एमएसपी पर कहा कि राज्य सरकार ने जितना एमएसपी तय किया था, उसी पर अनाज खरीदा जा रहा है। किसानों को उचित दाम दिया जा रहा है।

## पोर्टेबल ट्रैफिक लाइट की डिजाइन को मिला पेटेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीपीएस रांची के केमेस्ट्री शिक्षक डॉ. अमरदीप सिन्हा और उनकी टीम ने पोर्टेबल ट्रैफिक लाइट तैयार किया है। इसे आसानी से एक जगह से दूसरे जगह शिफ्ट किया जा सकता है। इस पोर्टेबल ट्रैफिक लाइट की डिजाइन को पेटेंट मिल गया है। इसकी डिजाइन और अनुप्रयोग को केंद्र सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पंजीकृत कर लिया है। इसे बनाने में डॉ. अमरदीप सिन्हा के साथ उनकी टीम में केरलि स्कूल के मैथ्स शिक्षक डॉ. जयश्री सिन्हा, डीपीएस के फिजिक्स शिक्षक डॉ. नारायण कुमार, सहायक प्रो. डॉ. राहुल एवं डॉ. नितिन शामिल हैं।

डॉ. अमरदीप सिन्हा ने बताया कि यह डिजाइन ट्रैफिक प्रबंधन में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि यह एक कॉम्पैक्ट, कुशल और बहुउद्देश्यीय समाधान प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इससे पूरा करने में 6 माह का समय लगा।

# मंइयां के खाते में आज सीएम भेजेंगे ₹2500

सभी तैयारी पूरी

■ दिसंबर महीने के 56.62 लाभुकों के खाते में भेजे जायेंगे पैसे




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में लाभुकों के खाते में बढ़ी हुई सम्मान राशि (₹2500) का ऑनलाइन हस्तांतरण करेंगे। यह समारोह नामकुम के खोजा टोली स्थित आर्मी ग्राउंड में होगा। बता दें कि दिसंबर से बढ़ी हुई ₹2500 की सम्मान राशि 56.62 लाभुकों के खाते में भेजी जानी है। हालांकि कई लाभुकों को उनके खाते में राशि भेजने की प्रक्रिया पहले से ही जारी है। मुख्यमंत्री समारोह में कुछ महिला लाभुकों को सांकेतिक रूप से राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण कर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे।

मालूम हो कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीते 28 दिसंबर को ही होना था लेकिन पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर राजकीय शोक के कारण समारोह को टाला गया। बता दें कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पहले ही सभी जिलों को 5225 करोड़ रुपए हस्तांतरित कर चुका है। यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के चार माह के लिए दी गई है।

### राज्य की 57.75 लाख महिला के आवेदन किये गये स्वीकृत

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक मंईयां सम्मान योजना में 57.75 महिला लाभुक स्वीकृत हो चुकी हैं। हालांकि दिसंबर माह में स्वीकृति लाभुकों की संख्या 56.62 लाख है। ऐसे में सोमवार के प्रस्तावित कार्यक्रम में जिन 56.62 लाख महिला लाभुकों को ऑनलाइन राशि का हस्तांतरण किया जाएगा, वह दिसंबर माह का होगा। जनवरी माह में महिला लाभुकों का आंकड़ा 57.75 लाख या इससे ऊपर होना तय है। विभागीय संकल्प के मुताबिक राशि हस्तांतरित करने की तिथि माह की 15 तारीख निर्धारित है। ऐसे में महिला लाभुकों को जनवरी माह में दो बार (दिसंबर और जनवरी माह) की राशि मिलेगी।

## छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, डीआरजी का एक जवान शहीद

एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हो गए जबकि डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गया। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से सभी चार नक्सलियों के शव के साथ एके 47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार बरामद किए हैं। इस मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है। पुलिस के अनुसार बलिदानी जवान सन्नू कारम पुलिस में भर्ती हुए थे और दंतेवाड़ा में पदस्थापित थे। बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात चार जिले के एक हजार जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके को घेर लिया था। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। इसमें चार नक्सली मारे गए और एक जवान का शहीद हो गया। इस अभियान में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिले की डीआरजी और एसटीएफ की टीम को भेजा गया था। समाचार लिखे जाने तक इलाके में सर्च अभियान जारी था।



### कोस्टगार्ड हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत

**गुजरात।** गुजरात के पोरबंदर में रविवार दोपहर 12 बजे इंडियन कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कोस्टगार्ड का हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित उड़ान पर था, जो पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर के गिरते ही उसमें आग लग गयी। इंडियन कोस्टगार्ड ने बताया कि हेलिकॉप्टर में 2 पायलट समेत 3 लोग सवार थे। हादसे में सुधीर कुमार यादव, मनोज प्रधान और सौरभ कुमार की मौत हो गयी।

## राष्ट्र विरोधी ताकतों से एनसीसी कैडेट को सतर्क रहने की जरूरत: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के जवानों से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निर्माता बताया। श्री धनखड़ रविवार को दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 के उद्घाटन के अवसर पर एनसीसी कैडेटों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अनुशासित बल है जो मानव विकास के लिए आवश्यक गुणों का संचार करता है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निर्माता बताया। संगठन, राष्ट्रवाद और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। दुनिया का कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच शक्तिशाली स्तंभों अर्थात सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर टिकी हुई है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों का पोषण हमारे परिवारों के भीतर प्रबुद्धता से शुरू होना चाहिए।



गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




परेड के लिए झारखंड समेत 16 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की झांकियों का चयन

# गणतंत्र दिवस समारोह : नयी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में दिखेगी रतन टाटा की जीवन यात्रा

विशेष संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड में झारखंड की पेश की जाने वाली झांकी में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की जीवन यात्रा की झलक दिखेगी। झांकी में झारखंड की कला, संस्कृति और नारी सशक्तिकरण के विविध आयाम भी प्रदर्शित होंगे। झांकी के प्रारूप को केंद्र की मंजूरी मिल गयी है।

बता दें कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले परेड के लिए झारखंड समेत 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी ने बताया कि झांकी को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से भेजे गए प्रारूप को चयन समिति ने सराहा है। इसका निर्माण कार्य 19 जनवरी तक पूरा कर लिया जायेगा। 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का कार्यक्रम निर्धारित है।



**परेड में टाटा नगर के औद्योगिक इकाइयों का होगा विहंगम प्रारूप**: यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब झारखंड की झांकी को राजपथ पर होने वाले परेड में शामिल किया गया है। झांकी में रतन टाटा की जीवन यात्रा एक एलईडी स्क्रीन पर दिखाई जाएगी। उनकी एक प्रतिमा भी होगी और इसके साथ झारखंड के टाटा नगर के औद्योगिक इकाइयों का विहंगम प्रारूप दिखेगा।

### सोहराई पेंटिंग झारखंड का एकमात्र सांस्कृतिक उत्पाद जिसे हासिल है जीआई टैग

झांकी के अगले हिस्से में झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पढ़ाई करती बच्चियां दिखेंगी। इसके अलावा झांकी के चारों तरफ राज्य की सोहराई और कोहबर पेंटिंग की कृतियां दिखायी जाएंगी। सोहराई पेंटिंग झारखंड का एकमात्र सांस्कृतिक उत्पाद है, जिसे जीआई टैग हासिल है। झांकी के साथ राज्य के कलाकारों का दल होगा, जो यहां की पारंपरिक नृत्य कला का प्रदर्शन करेगा। वर्ष 2024 में दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर झारखंड में तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गयी थी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने की घोषणा

## सिंधु लिपि को समझाने वाले को मिलेगा 10 लाख डॉलर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक सदी से भी अधिक समय से एक अनसुलझी पहेली यानी सिंधु घाटी की लिपि को सुलझाने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के बाद की। यह सम्मेलन सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की शताब्दी के अवसर पर आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि हम अभी भी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को स्पष्ट रूप से समझने में असमर्थ हैं। वह सभ्यता, जो कभी भारत में फली-फूली थी। उन्होंने कहा कि इस पहेली को सुलझाने के लिए विद्वान आज भी प्रयास कर रहे हैं और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए वे व्यक्तियों या संगठनों को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देंगे। ज्ञात हो कि सिंधु घाटी सभ्यता भारत की सबसे पुरानी नगर सभ्यताओं में से एक है। इसकी लिपि '**खो**' आज तक पढ़ा नहीं जा सका है। इस कारण से आज भी सभ्यता से जुड़े कई पहलू रहस्य बने हुए हैं।



स्पीड न्यूज

### शहीद संतोष गोप की प्रतिमा का अनावरण समारोह 13 जनवरी को

**गुमला।** पालकोट रोड़ टैसेरा मोड़ में अहीर सेना झारखंड और ग्राम विकास समिति टैसेरा के संयुक्त तत्वधान में शहीद संतोष गोप की प्रतिमा का अनावरण 13 जनवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। भारतीय सेना द्वारा पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन की व्यवस्था, मेडिकल कैंप एवं उनके पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण के लिए सभी बैंकों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। कार्यक्रम में गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा जिला के सभी वीर नारियों को भारतीय सेना द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### नेत्र जांच शिविर में 65 लोगों की हुई जांच

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा रविवार को लायंस भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 लोगों के आंखों की जांच हुई। जिसमें 9 लोग मोतियाबिंद से ग्रस्ति पाये गये। जिसका सफल ऑपरेशन 26 फरवरी को होना निश्चित किया गया। लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने गुमला जिला के लोगो से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपना मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराएं और आंखों की जांच भी करवायें।

### नाबालिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला के धोबी मुहल्ला निवासी पवन आर्या की नाबालिक पुत्री एंजल मिष्ठी ने रविवार को घर पर ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतका के पिता सुबह जब सैलुन गये थे। इसी दौरान एंजल ने फांसी लगा ली। परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल ले गये। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका आठवीं कक्षा की छात्रा थी। फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### एम्स के स्थायी सदस्य बनें सुखदेव भगत, कांग्रेसियों ने दी बधाई

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत को देवघर एम्स का स्थायी सदस्य चुना गया है। जिसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में खुशी है। नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि चुंकि भगत अनुभवी है। ऐसे में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी भूमिका तय होने से निश्चित इसका लाभ आम नागरिकों और मरीजों को मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी नए आयाम गढ़े जाएंगे। बधाई देने वालों में पीसीसी डेलिकेट राजनील तिग्गा, दीपनारायण उरांव, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, रोहित उरांव, मानिकचंद साहू, हेमावती लकड़ा, गुलाम सरवर, अमर प्रदीप कुजूर, हिमेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल है।

### पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चयन हेतु मतदान प्रक्रिया संपन्न

**गुमला।** पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव रविवार को थाना रोड स्थित पुलिस मेंस एसोसिएशन के भवन में हुई। चुनाव पर्यवेक्षकों के देखरेख में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल पांच पदों के लिए 339 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार व पुअनि हिमांशु शेखर सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए पुअनि सुकरा भगत व पुअनि लिखत हेम्ब्रम, सचिव पद के लिए सअनि वीरेंद्र प्रसाद नारायण देव बीरू व सअनि मनोज पासवान, कोषाध्यक्ष पद के लिए सअनि रविंद्र सिंह व पुअनि विनय कुमार महतो एवं संयुक्त सचिव पद के लिए सअनि मो. इशहाक अंसारी व सअनि थोमस केरकेट्टा आमने-सामने हैं। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद देर शाम से मतगणना का कार्य चल रहा है। चुनाव पर्यवेक्षक उपेंद्र कुमार सिंह, रोहित कुमार चौबे, चंद्रशेखर आजाद, महेंद्र कुमार पासवान, उदय सिंह व विरंची प्रसाद महतो की देखरेख में संपन्न हुई।

## राममय हुआ गुमला, दिखा आस्था की पाराकाष्ठा, सड़कों पर एक साथ रामधुन पर थिरके लोग

# शौर्य सह साहसिक दिवस पर विहिप व बजरंग दल के द्वारा शहर में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, जय श्री राम, जय श्री हनुमान के लगे गगन भेदी नारे, भगवाध्वज से लहराया गुमला शहर**





शोभायात्रा में शामिल महिलाएं व भगवा ध्वज लहराते लोग और शौर्य साहसिक यात्रा का नेतृत्व करते लोग





शौर्य साहसिक यात्रा में बजरंग बली का वेशभूषा धारण किये व्यक्ति, शोभायात्रा में तीर धनुष का प्रदर्शन करते विरहोर जाति के सदस्य व लोगों के बीच चाय व बिस्कुट का वितरण करते गोल्डी परिवार के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** भगवान श्री राम के प्रति आस्था की पाराकाष्ठा रविवार को गुमला शहर के सड़कों पर दिखा। मौका था बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के द्वारा आयोजित शौर्य साहसिक शोभायात्रा का। हजारों की संख्या में शहर वासी भगवान राम की आस्था व भक्ति में सराबोर होकर सड़कों पर थिरके। शोभायात्रा में सनातन धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी थी। जिसमें भगवान राम के प्रति भक्ति को बखूबी प्रदर्शित किया गया। शौर्य सह साहसिक शोभायात्रा शहर के लक्ष्मण नगर स्थित लिप्टस बगीचा से आरंभ हुआ। जो शहर के जशपुर रोड, महावीर चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड, घाटो बगीचा, सिसई रोड होते हुए लोहरदगा रोड स्थित बस डिपू में जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम, राम लखन जानकी, जय बोलो हनुमान, सियाबर राम चंद्र की जय,एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाये गये। शोभायात्रा में क्या बच्चे, क्या जवान, महिला हो या पुरूष सभी राम गीत पर झूमते दिखे। मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान राम स्वयं स्वर्ग से धरा पर अवतरित होने वाले हैं और लोग उनकी भक्ति में रमे हुए हैं। शोभायात्रा को लेकर शहर भगवा रंग में परिणत हो चुका है। बड़े-बडे भगवा ध्वज लेकर लोग शोभायात्रा में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में पुरूषों से अधिक भीड़ महिलाओं की रही। शोभायात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय सिंह राणा, मुकेश सिंह, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, संजय सिंह, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, संजय वर्मा, शशि प्रिया बंटी, अरूण केसरी, रविन्द्र सिंह, शिवम जयसवाल, अनूप लाल, बबलू वर्मा, पूनम सिंह, रोहित खंडेलवाल आदि लोग कर रहे थे। शोभायात्रा में हनुमान की रूपा सज्जा बना आकर्षण का केंद्र शोभायात्रा में हनुमान जी की रूप सज्जा किये व्यक्ति आकर्षण का केंद्र रहा। हर कोई उनके साथ तस्वीर खींचाने के लिए आतुर नजर आये। वाहन में सवार होकर हनुमान की रूप सज्जा किये व्यक्ति अन्य वानरों के साथ चल रहे थे।

गोल्डी परिवार के द्वारा लोगों के **बीच बांटा गया चाय व बिस्कुट :** शोभायात्रा में शामिल लोगों की सेवा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाया गया था। महावीर चौक में गोल्डी परिवार के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चाय बिस्कुट की व्यवस्था की गई थी। सैकडों लोगों ने चाय व बिस्कुट का सेवन किया। वहीं मेन रोड में मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पानी की बोतल व चाकलेट का वितरण लोगों के बीच किया गया। इसके अलावे अन्य लोगों के द्वारा भी पानी का वितरण किया गया।

शोभायात्रा में कार सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले बिरहोर जाति के सदस्य पारंपरिक हथियार तीर धनुष के साथ आगे-आगे चल रहे थे। कार सेवा के दौरान जिले से भारी संख्या में बिरहोर जाति के सदस्य भाग लिये थे। वे गुमला में शौर्य दिवस पर निकलने वाले शोभायात्रा में हमेशा तीर धनुष के साथ शामिल होते रहे हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा बिराहोर जाति के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम :** शोभायात्रा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर गुमला पुलिस चुस्त दुरूस्त दिखी। गुमला पुलिस की टीम सुरक्षा को लेकर शोभायात्रा के आगे चल रही थी। शोभायात्रा के दौरान पुलिस वाहनों को जुलूस वाले रास्ते से जाने से रोकती दिखे। वहीं एसडीओ राजीव नीरज व एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव सड़कों पर अपने वाहन से शोभायात्रा पर निगाह बनाये हुए थे।

## शहीद के स्मारक पर लगे लोहे के पाईपर वाहन ने मारा धक्का

### बाल-बाल बचा शहीद की प्रतिमा



वाहन के धक्के से क्षतिग्रस्त शहीद के स्मारक की लोहे की पाईप

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के चर्च मोड़ के समीप स्थित शहीद पीटर टोप्पो की स्मारक के लोहे के पाईप को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे शहीद की मूर्ति बाल-बाल बच गई। यह घटना शनिवार की रात लगभग 9 बजे घटी। जब वाहन ब्लॉक चौक से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर अत्यधिक गति से जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना प्रशासन की लापरवाही को दशार्ती है। उन्होंने मांग की है कि शहीद के स्मारक के समीप लगे छपरा को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि शहीद को उचित सम्मान मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने इस स्थान पर स्ट्रीट लाइट लगाने की भी आवश्यकता जतायी। जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर स्मारक के आसपास उचित सुरक्षा उपाय और प्रकाश व्यवस्था की गई होती, तो इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सकता था।

### ससुराल आये दामाद की कुंआ में डूबने से हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नवडीहा महुवाटोली अपने ससुराल आये गुमला के बिरसा नकटी टोली निवासी 40 वर्षीय महरु उरांव 40 की कुंआ में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

## कार्यकर्ताओं के सभी समस्याओं का किया जायेगा समाधान : डॉ रामेश्वर

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगो की समस्याएं सुनते विधायक



विधायक से मिलने पहुंचे लोग

**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव रविवार को बरवा टोली विधायक कार्यालय लोहरदगा पहुंच पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं समेत आमजनों मुलाकात किया एवं नववर्ष की शुभकामनाएं प्रदान किया। मौके पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा प्राप्त आवेदन पर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर त्वरित करवाई करने को कहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि कार्यकताओं एवं लोहरदगा की जनता का सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। नव वर्ष में नये सिरे से लोहरदगा ज़िले में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा, अधूरे कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, और बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ सामाजिक सांस्कृतिक और परंपरा को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सहादत हुसैन, संदीप गुप्ता, डोमना उरांव, सुखदेव उरांव जुगल भगत, यूनुस अन्सारी, विनोद खेरवार, सद्रुल अंसारी, संजय नायक, विशाल डुंगडुंग, शंभु प्रजापति, सीमा परवीन, रविंदर खेरवार, हाजी सिकंदर अंसारी, साबरत हुसैन, ऐनुल अंसारी, रौनक इकबाल, जलेश्वर उरांव, सोमे उरांव, कमरुल इस्लाम,रेहान अख़्तर, आंसर अहमद, लूथर कुजूर, इमरोज अंसारी, राजा अंसारी, आफताब अंसारी, संजर अंसारी, सलाउदिन अंसारी, रिजवी खान,मंजन उरांव, नुसरत अंसारी, सिराज अंसारी, बिरसू उरांव, भंडारी उरांव, नकुल उरांव, हरिदास उरांव, समीम अंसारी, सुमित्रा उरांव, विरेंदर उरांव, राजेश लाल, सुशीला उरांव, सूरज मुंडा, समसूल अंसारी, मुनीम अंसारी, बबिता देवी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड के प्रतिनिधियों को ऋण चुकाने का अच्छा अवसर मिला है: सांसद सुखदेव भगत

## बिस्कोमान कमेटी में झारखंड का प्रतिनिधित्व दिलवाएंगे: विधायक अनूप सिंह




सांसद को सम्मानित करते व सुखदेव भगत से मिलने पहुंचे विधायकगण

### बिस्कोमान अध्यक्ष के होने वाले चुनाव के संदर्भ में बैठक का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सर्किट हाउस में आगामी 16 जनवरी को बिहार बिस्कोमान के अध्यक्ष का चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक वर्तमान बिस्कोमान अध्यक्षत डॉ सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ,बेरमो विधायक अनूप कुमार सिंह सहित बिहार के 12 विधायक उपस्थित थे ।बैठक प्रारंभ होने से पूर्व अध्यक्ष ने सांसद सुखदेव भगत का स्वागत किया । इस बैठक में लोहरदगा ,गुमला, लातेहार ,सिमडेगा एवं गढ़वा जिले से चुने गए प्रतिनिधि उपस्थित थे । जिन्हें वोट देने का अधिकार है। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड के प्रतिनिधियों को ऋण चुकाने का एक अच्छा अवसर मिला है। 2012 में विरोधी पार्टी के लोग ने कहा था कि झारखंड के लोग को बिहार बिस्कोमान के चुनाव में भाग नहीं लेंगे। वर्तमान अध्यक्ष ने केस लड़कर झारखंड के प्रतिनिधियों को वोट देने का अधिकार दिलाया था। श्री भगत ने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह कर्मवीर है । जब वे अध्यक्ष बने थे तो बिस्कोमान में मात्र 16000 रुपया था तथा 300 करोड़ का लायबिलिटी था। उन्होंने अपने कर्म के बदौलत 300 करोड़ का लायबिलिटी समाप्त करवाया और अभी बिस्कोमान में 100 करोड़ की राशि उपलब्ध है । झारखंड के प्रतिनिधि शत प्रतिशत डॉक्टर सुनील सिंह को वोट देंगे और वे उनके चुनाव में पूरा सहयोग करेंगे ।बिरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि डॉक्टर सुनील कुमार सिंह का अध्यक्ष बनना तय है। उनके जीतने के बाद झारखंड के लोगों को प्रतिनिधि बनवाएंगे यह उनका जिम्मेदारी है। बैठक से पूर्व अध्यक्ष एवं सभी 12 विधायक लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बैठक में विधायक मुकेश रौशन, विधायक विनय यादव, विधायक डब्लू सिंह, विधायक उदय यादव, विधायक छोटेलाल यादव, रमेश चौबे सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

एक नजर में

### 25 एवं 26 जनवरी की रात होगा शानदार कव्वाली मुकाबला

**लोहरदगा।** हजरत बाबत दुखन शाह का चार दिवसीय सालाना 100वां उर्स मुबारक (डायमंड जुबली) आगामी 23 से 26 जनवरी तक होगी। इस बार 25 एवं 26 जनवरी की रात शानदार कव्वाली मुकाबला प्रोग्राम होगा। दोनों रातें अलग-अलग मशहूर व मारूफ चार कव्वाल तशरिफ ला रहे हैं। पहली रात मशहूर टीवी सिंगर्स छोटे चांद कादरी एण्ड पार्टी (मुंबई) और टीवी सिंगर्स वसीम साबरी (सहारनपुर) के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता बना हुरहद क्रिकेट क्लब

**कुडू।** प्रखंड के ग्राम बारीडीह में यूथ क्लब मिल्लत नगर बारीडीह के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय बारीडीह प्रीमियर लीग कैनवस क्रिकेट टूनामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुडू थाना के प्रभारी अजीम अंसारी, एवं कुडू प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी शामिल थे। वही टूनामेंट के फाइनल में पहुंचे जिदो क्रिकेट क्लब एवं हुरहद क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। अतिथियों के द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया।

### पतंजलि योग आयुर्वेद के साथ-साथ राष्ट्र देवो भव: का भाव जागृत करता है: प्रवीण

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में संस्थान एवं संगठन के 31 वें स्थापना दिवस पर संगठन के पदाधिकारियों, योगशिक्षको एवं कार्यकताओं ने यज्ञ हवन किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि पतंजलि का उद्देश्य स्वस्थ, समृद्ध, शिक्षित एवं स्वदेशी से परिपूर्ण भारत के निर्माण का है। योग भारतीय धर्म, संस्कृति एवं सनातन परंपरा का मूल है। स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन एवं स्वच्छ चरित्र रखकर ही व्यक्ति स्वयं का, परिवार का समाज एवं देश का निर्माण कर सकता है। पतंजलि योग आयुर्वेद के साथ साथ राष्ट्र देवो भव का भाव जागृत करता है।

### 11 जनवरी को रामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई जायेगी: विश्व हिंदू परिषद

**भंडरा।** रामजन्मभूमि मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ इस वर्ष पूरे देश मे 11 जनवरी को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा पूर्व वर्ष के भांति पूरे धूमधाम से मनाने की घोषणा की गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार दिन मे प्रखण्ड मुख्यालय मे तथा शाम से अपने अपने गांव के मुख्य मंदिरों सहित अन्य सभी मंदिरों मे सार्वजनिक रूप से सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, आरती प्रभु राम के उद्घोष के साथ मनाया जाएगा।

### कैरियर काउंसलिंग सह कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**घाघरा।** चिल्ड्रन एकेडमी प्लस टू विद्यालय रन्हे घाघरा में कैरियर काउंसलिंग सह कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक निदेशक कृषि विभाग सरवन खलखो, शिक्षक भवानी प्रसाद राय, बसंत तिर्की, अनिरुद्ध चौबे व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सरवन खलखो ने कहा कि कैरियर के किसी भी क्षेत्र में सफलता के पीछे त्याग अनुशासन परिश्रम छिपा होता है।

### झानद के प्रमुख नेताओं की बैठक संपन्न

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला जिला के प्रमुख नेताओं की आवश्यक बैठक पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के समीप हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन गोलबंदी के साथ आंदोलन शुरू करने की जरूरत है। तभी जनता का विकास संभव है।

### पासवान समाज का मिलन समारोह 12 को

**गुमला।** पासवान समाज (दुसाध) का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम 12 जनवरी को होगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले छात्र, किसान, कलाकार, खिलाड़ी को सम्मानिति किया जायेगा। कार्यक्रम गुमला शहर से 15 किमी दूर खरका बांकी नदी के किनारे होगा। यह निर्णय रविवार को पासवान युवा सेना जिला कमेटी गुमला की बैठक में लिया गया। बैठक सिसई रोड गांधी नगर में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शनि पासवान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पासवान युवा सेना के कमेटी का विस्तार भी किया गया।

## ट्रांसपोर्ट नगर कुजू में अपराधियों ने कोयला व्यवसायी पर चलाई गोली

### गोली कमर के नीचे लगी रांची रेफर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में रविवार की शाम करीब 7 बजे अपराधियों ने एक कोयला व्यवसाय पर गोली चला दी। गोली कोयला व्यवसायी अनिल केशरी पिता तपेश्वर उर्फ भोंदा केशरी के कमर में लगी।

गोली चलाने के बाद अपराधी बाइक से फरार हो गए। वही घायलावस्था में अनिल केशरी को इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। बताया जाता है कि अनिल केसरी शाम में ट्रांसपोर्ट नगर अपने कार्यालय पर मुकेश केसरी, प्रदीप केसरी व संतोष केसरी के साथ बैठे हुए थे। इसी बीच बाइक पर सवार होकर अपराधी पहुंचे। जहां एक अपराधी कार्यालय में घुसकर अचानक गोली चला दी। जिसमें अनिल केशरी को गोली कमर के नीचे लग गयी। जबकि एक गोली मिस फायर हो गया। इधर गोली चलाने के बाद सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। घटना के बाद कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद घटना स्थल पहुंचे। साथ ही घटना कि जानकारी मौजूद लोगों से लिया। इधर मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार भी पहुँच कर घटना का जायजा लिया।

साथ ही कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। जहां चार अपराधियों के होने की जानकारी दिया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व गत 1 दिसंबर 2023 को भी ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी कल्याण पांडेय पर भी अपराधियों ने गोली चलायी थी। जिसमे वह बाल-बाल बच गए थे।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार. 06 जनवरी 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# प्राइवेट सेक्टर में जॉब

नौकरियाँ पैदा करना निःस्संदेह देश की सबसे बड़ी चिंता है। देश के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 1.4 करोड़ ही सरकार के लिए काम करते हैं। यह देखते हुए कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा निजी कंपनी में काम की तलाश कर रहा है, क्या भारतीय उद्यमियों को विशेष रूप से लक्षित करना उचित है? क्या उन उद्यमियों को निशाना बनाना राष्ट्रीय हित के विरुद्ध नहीं है जो लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, स्वरोजगार को बढ़ावा देते हैं, जीवन स्तर को ऊपर उठाते हैं तथा देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं? रिलायंस फाउंडेशन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह प्रयास 2.7 मिलियन लोगों तक पहुँचा और महिला उद्यमिता व टिकाऊ कृषि के साथ-साथ नए आजीविका पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सरकारी आकड़ा यह बताते हैं कि देश में निजी क्षेत्र में काम करने वाले 98 प्रतिशत है जबकि सरकारी क्षेत्र में दो प्रतिशत लोग ही काम करते हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था में निजी क्षेत्र का बड़ा योगदान है। देश में टाटा समूह झारखंड राज्य में एक पूरे शहर टाटानगर का ही विकास कर दिया है जो वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। देश में राजनीति 1990 के बाद निजीकरण की दिशा में चलना आंरभ करके एक बड़ी दूरी तय कर चुकी है। देश का सम्मान और स्वाभिमान भी इससे जुड़ा है। वैश्विक स्तर पर विकास के लिये अब निजीकरण सबसे अहम हो चुका है। हम सभी को यह पहचानना चाहिए कि हमारे अपने उद्यमियों के खिलाफ बोया जा रहा जहर समाज, राज्य और देश के लिए विनाशकारी है। हमें उन राजनीतिक दलों के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए जो हमें गुलामी में वापस लाना चाहते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय उद्यमी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति और गौरव का स्रोत हैं।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक.3.5.7

वृष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक.5.7.9

मिथुन : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक.6.7.9

कर्क : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक.4.6.8

सिंह : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक.6.8.9

कन्या : शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन.देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन.देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक.5.7.9

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक.5.7.9

वृश्चिक : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक.3.6.8

धनु : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक.2.3.5

मकर : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक.2.5.7

कुंभः विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यो में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यो में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक.3.5.8

मीन : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक.3.5.7

# भारतीय उद्यमियों के खिलाफ 2025 में निराधार विमर्श बंद होगा

**राहुल गांधी,** शरद पवार, उद्धव ठाकरे और इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दलों की मानसिकता स्पष्ट है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भारतीय उद्यमियों के बारे में झूठे विमर्श गढ़ना। क्या आपने कभी उन्हें चीन या उन चीनी उद्यमियों का जिक्र सुना है, जिन्होंने बड़ी संख्या में हमारी नौकरियां छीन लीं, हमारा पैसा लूटा, हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और उस पैसे का इस्तेमाल हमारे ही देश के खिलाफ किया? क्या आपने कभी इन नेताओं को अमेरिकी और यूरोपीय उद्यमियों के बारे में चर्चा करते सुना है जिन्होंने हमारा शोषण किया? क्या ऐसा नहीं लगता कि वे 140 करोड़ के बाजार वाले देश को इन विदेशी उद्यमियों को सौंपना चाहते हैं? यह स्वार्थ और परिवार पहले- के रवैये से शुरू होता है। इसीलिए जब नरेंद्र मोदी ने ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल का प्रस्ताव रखा तो ये सभी मण्डली नाराज हो गईं। भाजपा सरकार का लक्ष्य देश में रोजगार बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ₹राष्ट्र पहले₹ की भावना से भारत में अधिक नौकरियां पैदा करने, भारतीय उद्यमियों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दस वर्षों में 40 नीतियों को लागू किया है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में उसका सकारात्मक परिणाम हम देख रहे हैं।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कांग्रेस के समय में हमने देखा कि लकड़ी का फर्नीचर, जो एक भारतीय व्यवसाय है, खिलौने और कई अन्य उत्पाद जो भारत में बनाए जा सकते हैं, उन्हें चीन से जितना संभव हो सके आयात किया जा रहा था, जिससे हमारे उद्यमी कमजोर हो रहे थे और बेरोजगारी बढ़ रही थी। प्रधानमंत्री मोदी के ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल के तहत अधिकांश वस्तुएं अब भारत में निर्मित हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ वस्तुएं और उपकरण जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। क्या यह विपक्ष के बीच चिंता का विषय है?

**विरोधियों के निशाने पर अडानी-अंबानी क्यों**

इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है। व्यवसायों की अक्सर आलोचना की जाती है, भले उनका आपस में कोई संबंध न हो। अंबानी और अडानी उद्योगपति हैं जो लगातार राजनीतिक हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। व्यवसायों, पेशेवरों और उद्यमियों पर आलोचना और हमले कोई नई बात नहीं है। बीसवीं सदी के दौरान खासकर आजादी के बाद टाटा और बिड़ला ने भारतीय व्यापार पर अपना दबदबा बनाया। राजनेताओं और नौकरशाहों के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण उन पर अक्सर क्रोनी कैपिटलिज्म का आरोप लगाया जाता था। अडानी ने वर्षों से आलोचनाओं का सामना किया है, खासकर स्वार्थी राजनीतिक समूहों से। उन्होंने कभी भी राजनीतिक उत्पीड़न को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। वे भारतीयों के लिए रोजगार पैदा करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहे हैं। उनकी फर्मों ने पिछले दशक में भारतीयों के लिए लाखों रोजगार सृजित किए हैं और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या घटेगी। वास्तव में, भारत में अपने व्यवसाय को विकसित करने की उनकी महत्वाकांक्षी आकांक्षाओं को देखते हुए, सृजित नौकरियों की संख्या में और भी अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। अंबानी, अडानी, टाटा और बिड़ला भारत में रहे और भारतीयों के लिए भारतीय उत्पाद, कंपनियाँ बनाईं, आम आदमी के लिए अपार शेयरधारक संपत्ति बनाई, डिजिटल स्पेस, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र, ओ एंड जी, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला, परिधान, दूरसंचार, रक्षा और शिपिंग में क्रांति ला दी, धातु और ऑटोमोबाइल उद्योगों में भी रोजगार सृजित किए, भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और वैश्विक स्तर पर भारत का नाम प्रसिद्ध किया।

जबकि अधिकांश देशों में, बड़े व्यवसाय को राष्ट्रीय संपत्ति माना जाता है और तद्नुसार समर्थन दिया जाता है। भारत में ऐतिहासिक आर्थिक नीतियों, राजनीतिक घोटालों और सरकार विरोधी भावनाओं की विरासत ने बड़े व्यवसाय या उद्यमियों के प्रति सार्वजनिक दृष्टिकोण के बीच मतभेद पैदा किया है। बहरहाल, भारतीय फर्मों ने देश की आर्थिक और तकनीकी उन्नति के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परिभाषा के अनुसार, एक व्यवसाय पैसा कमाने के लिए शुरू किया जाता है। एक सफल व्यवसायी का भाग्य निःस्संदेह चमकेगा यदि उस धन का उपयोग देश के विकास को गति देने के साथ-साथ अधिक धन सृजन के लिए किया जाता है। यह समाज और राष्ट्र के लिए बहुत लाभकारी होगा। प्रतिद्वंद्वी की संपत्ति में वृद्धि ईर्ष्या का कारण बन सकती है। एक देश के रूप में, हमें धन सृजन का जश्न मनाना चाहिए जब तक कि इसका उपयोग आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए किया जाता है।

**देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान पर शोध**

स्कॉच समूह द्वारा स्थापित 'इंडिया इनवॉल्व इंटरवेंशन' देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में कॉर्पोरेट योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने एक सूचकांक बनाया जो 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्र के लिए भारतीय कंपनियों की प्रतिबद्धता का आकलन करता है। 231 चरों के आधार पर कंपनियों की उनकी 2023 रेटिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही, उसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडानी समूह, बैंक ऑफ इंडिया और ल्यूपिन का स्थान रहा। 2023 में किए गए छह महीने के सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि 40% कंपनियां डिजिटल परिवर्तन को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद पर्यावरण उत्कृष्टता (24%), कॉर्पोरेट उत्कृष्टता (19%), सामाजिक उत्कृष्टता (14%), और शासन उत्कृष्टता (2%) का स्थान आता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



- पंकज जयस्वाल

> उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई।

## लेटर टू एडिटर

### खजाने पर बोझ

**राजनीतिक** पार्टियों की जनता के प्रति जवाबदेही पर जोर देता है। लेखक की चिंताएं बिल्कुल सही हैं–आजकल रेवड़ी बांटने की प्रथा बढ़ती जा रही है, रोकने की जरूरत है। यदि राजनीतिक पार्टियों को जनता को सुविधाएं देनी हैं, तो उन्हें अपने फंड से यह करना चाहिए, न कि सरकारी खजाने से। लोक लुभावने वादे चुनाव जीतने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन इससे सरकारी बजट पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इस पर कोई विचार नहीं कर रहा।

**-प्रकाश सिंह, रांची**

### सम्मान के हकदार

**मिथुन** चक्रवर्ती डिस्को डांसर से लोकप्रिय हुए 74 वर्षीय को फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के प्रदान करने की घोषणा हुई है। ऐसे इंसान को मिल रहा है जिसने संघर्षों का सामना किया और सफलता के शीर्ष पर पहुंचकर लोगों के दिलों में राज किया। उन्होंने 1976 में मृणाल सेन की फिल्म मृगया के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।

**- रविकांत रांची**

## ट्वीट

**हमारी** सरकार जानलेवा बीमारियों से रोकथाम के लिए मिशन इंद्रधनुष अभियान चला रही है। इससे ना सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जिंदगी बच रही है... नवजात शिशुओं का जीवन बच रहा है... बल्कि वो गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से भी बच रहे हैं।

**-अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास केन्द्रीय मंत्री**

**उद्घाटन** और प्रचार तभी अच्छे हैं जब उनके पीछे ऐसी बुनियाद हो जो जनता की सेवा के लिए असल में काम करे। जब सार्वजनिक संपत्ति के रख-रखाव के अभाव और उपेक्षा के कारण लोगों की जान जाने लगे और पुल, प्लेटफार्म या मूर्तियां रिबन काटने के साथ ही गिरने लगें, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# महाकुंभः प्रयागराज बनाएं सबके बिगड़े काज

**योगेश कुमार सोनी**

प्रयागराज में महाकुंभ मेले की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन होगी। मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान संगम स्नान करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं के संकल्प पूरे होते हैं। महाकुंभ मेले का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। प्रयागराज में हर 12 साल के अंतराल पर महाकुंभ का आयोजन होता है। इससे पहले 2013 में यह शुभ अवसर आया था। महाकुंभ मेले का इंतजार पूरी दुनिया में रह रहे सनातनी हिंदुओं को रहता है। महाकुंभ का आगाज होते ही देश में हलचल मच जाती है। लाखों पग प्रयाग की तरफ बढ़ने लगते हैं। करोड़ों सनातनी अपनी आस्था को लेकर यहां डुबकी लगाने पहुंचते हैं। कुंभ को सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। यहां लोग पापों के क्षय और पुण्य कमाने की लालसा लेकर जाते हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में धमार्चार्यों के शिविरों में धर्म की त्रिवेणी कल-कल बहती है।

बीते कुछ वर्षों में हिंदू अपने धर्म के प्रति बहुत जागरूक हुआ है। वैसे तो अब सभी हिन्दू तीर्थस्थलों बहुत भीड़ होती है। इस बार के महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।पिछले महाकुंभ में लगभग 25 करोड़ और उससे पहले 15 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। आजादी के बाद पहले महाकुंभ में करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। 12 वर्ष के अंतराल को धर्मपरायण श्रद्धालु एक युग की तरह मानते हैं। और गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करने के साथ सत्संग और दान भी करते है। मान्यता है कि इससे उनके पाप खत्म हो जाते हैं और दोबारा से तरोताजा होकर संसार की यात्रा में लग जाते हैं।

कुंभ की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है। कहते हैं कि देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया। इससे अमृत निकला। इसके पान के लिए दोनों पक्षों में 12 दिन युद्ध हुआ। यह 12 दिन पृथ्वी पर 12 वर्ष के बराबर थे। इसलिए महाकुंभ का मेला 12 साल में लगता है। संतों का कहना है कि कुंभ के बारे में सुनकर वहां बहुत सारे लोग आते हैं लेकिन वह पूरा लाभ नहीं उठा पाते। कुंभ धार्मिक पर्व है। घूमने-फिरने की जगह नहीं। इसलिए अगर महाकुंभ का पुण्य कमाना है तो धार्मिक आस्था के प्रयागराज पहुंचे और सात्विकता के नियमों का पालन करें। कुंभ मेला क्षेत्र में जो कुछ भी हो, उससे संतुष्ट हों। एक संन्यासी के आध्यात्मिक जीवन की तरह जीयें। प्रयागराज के महाकुंभ की तैयारियों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पल-पल की जानकारी लेते हैं।

## महाकुंभ



प्रयागराज सनातन संस्कृति के प्राचीनतम नगरों में से एक है। प्रयाग की महत्ता और प्राचीनता का विवरण ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण- महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन के आराध्य प्रभु श्रीराम के जीवन और वनवास प्रसंग से भी प्रयाग का विशेष संबंध है। रामचरित मानस में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने रात काटकर निषादराज की मदद से गंगा पार की। यहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे। 142 साल में महाकुंभ के आयोजन के स्वरूप में निरंतर बदलाव देखा जा रहा है। कहते हैं कि 1882 में महाकुंभ के आयोजन में मात्र बीस हजार रुपये की लागत आई थी। इस साल के महाकुंभ मेला क्षेत्र का बजट करीब 7500 करोड़ रुपये है। प्रयागराज व्यापार मंडल के अनुसार कुंभ के दिनों में यहां करोडों रुपये का व्यापार होगा। इसको लेकर हर छोटा-बड़ा व्यापारी उत्साहित है। श्रद्धालुओं के साथ किसी प्रकार की लूटपाट न हो, इसके लिए शासन ने कठोर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# मोदी युगः मानसिक स्वास्थ्य का क्रांतिकाल

**शिवेश प्रताप**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए मोदी सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया। एक ऐसा विषय जिसने मोदी सरकार के इस उत्कृष्ट प्रयास के बारे में बहुत जरूरी चर्चा को जन्म दिया है। मोदी युग ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित किया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल नीतियों में एकीकृत करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी सरकार से पहले, भारत में मानसिक स्वास्थ्य को काफी हद तक नजरअंदाज किया गया और मानसिक बीमारियों को लेकर लोगों में शर्म और भ्रान्ति थी। नरेन्द्र मोदी के शासन में मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव हुआ।

मानसिक स्वास्थ्य और इसका महत्व

भारत में मानसिक स्वास्थ्य गलत समझा जाने वाला विषय बना हुआ था। लगभग 14% भारतीयों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होने के बावजूद, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लगभग 80% लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी या देखभाल तक सीमित पहुँच के कारण मदद नहीं लेते हैं।

एक स्वस्थ दिमाग उत्पादक जीवन, सामंजस्यपूर्ण समाज और संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार है। भारत जैसे देश के लिए जो 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की आकांक्षा रखता है, मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मानसिक स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत करना अनिवार्य है।

**भारत का मानसिक स्वास्थ्य परिदृश्यः**

भारत एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत की लगभग 7.5% आबादी मानसिक विकारों से पीड़ित है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) से पता चला है कि लगभग 15% भारतीय वयस्कों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता है, मानसिक स्वास्थ्य खराब है और इसके लिए पर्याप्त धन नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि देश में प्रति 100,000 लोगों पर एक से भी कम मनोचिकित्सक हैं, जबकि हल्ड ने प्रति 100,000 पर तीन मनोचिकित्सक होने की सिफारिश की है। भारत में मानसिक विकारों के लिए उपचार का अंतर 70-92% के बीच है और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान का अनुमान 2012 और 2030 के बीच 1.03 ट्रिलियन डॉलर है। ऐसे चौंकाने वाले आँकड़े मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए मजबूत नीतियों और बुनियादी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

## स्वास्थ्य

अमेरिका मानसिक स्वास्थ्य पर सालाना 238 बिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च करता है, जहाँ हर 100,000 लोगों पर लगभग 12 मनोचिकित्सक हैं। इसी तरह, यूरोप में मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली अच्छी तरह से विकसित है, जहाँ जर्मनी जैसे देश हर 10,000 लोगों पर 18 से ज्यादा मनोरोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराते हैं। इस बीच, चीन में 2013 में अपने पहले मानसिक स्वास्थ्य कानून के बाद से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है।

**मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम 2017: एक महत्वपूर्ण मोड़**

मोदी के नेतृत्व में सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम, 2017, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान पेश किया गया था, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इसके निर्माण और परिचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह अधिनियम भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया था और मई 2018 में लागू हुआ।

अधिनियम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि यह मानसिक बीमारी को मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में मान्यता देता है, यह सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ बहिष्कृत जैसा व्यवहार न किया जाए, बल्कि वे कानून के तहत देखभाल, उपचार और सुरक्षा के हकदार हों। अधिनियम में यह अनिवार्य किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, मानसिक स्वास्थ्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत करके और यह सुनिश्चित करके कि सेवाएँ सभी स्तरों पर उपलब्ध हों। यह आत्महत्या के अपराधीकरण पर भी जोर देता है और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति दयालु, पुनर्वास दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

**आयुष्मान भारत के तहत व्यापक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ**

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल करना, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में जाना जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने 1.73 लाख से अधिक उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सफलतापूर्वक अपग्रेड किया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ जमीनी स्तर पर उपलब्ध हों। ये केंद्र अब मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं, जिसमें आउटपेशेंट परामर्श, मनो-सामाजिक हस्तक्षेप, मूल्यांकन, परामर्श, निरंतर देखभाल और आवश्यक दवाओं तक पहुँच शामिल है। यह दृष्टिकोण मानसिक बीमारियों का शीघ्र पता लगाना और उनका प्रबंधन सुनिश्चित करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कलंक और बाधाओं को कम किया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### उज्जवला फाउंडेशन ने बांटा शॉल



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन का उद्देश्य है महिलाओं को जोड़कर उनकों आत्मनिर्भर बनाना। क्योंकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तभी हमारे समाज का विकास होगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति रविवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स के सभागार में आयोजित उज्जवला फाउंडेशन के बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जल्द ही फाउंडेशन के द्वारा सदस्यों के बीच सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर उनको रोजगार से जोड़ने काम किया जायेगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने सदस्यों को पूरी ईमानदारी के साथ फाउंडेशन से जुड़कर लाभ लेने की बात कही। इधन उन्होंने लगातार बढ़ रहे ठंड को देखते हुए ठंड से राहत देने के उद्देश्य से सदस्यों के बीच 125 शॉल का वितरण किया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। बैठक में मनसरी देवी, अनिता देवी, वीणा कुमारी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, सुबासो देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, रीता देवी, शीला देवी, सुलेखा देवी, अनिता कुमारी, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

### बाल विवाह सामाजिक अभिशाप : दत्त




**रजरप्पा।** अग्रगति संस्था द्वारा चितरपुर मायल बाजार में बाल विवाह, बाल तस्करी, यौन शोषण एवं बाल मजदूरी रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान किशोरियां को बाल विवाह रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक अभिशाप है। अशिक्षा और गरीबी इसका मुख्य कारण है। एक लड़की अगर पढ़ती है तो उसका प्रभाव अगली पीढ़ी पर पड़ती है। बच्चों को पढ़ने लिखने व खेलने की आजादी मिलनी चाहिए। वही काउसेंलर अनिता देवी ने कहा कि बाल विवाह करना कानूनन जुर्म है। शादी की उम्र लड़की के लिए 18 वर्ष व लड़का के लिए 21 वर्ष निर्धारित किया गया है। जो व्यक्ति अपनी लड़की कि शादी 18 वर्ष से कम उम्र में करते हैं उसे दो साल का जेल या एक लाख रुपए जुमार्ना देना पड़ सकता है। आप सभी आपने माता पिता को समझाएं कि कम उम्र में शादी ना करें और बच्चों को पढ़ने लिखने का अवसर प्रदान करें। ताकि बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़े।उन्होंने किशोरी शक्ति व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपील की। इसे रोकने में उन्होंने पंचायती राज सदस्यों व गांव के पुरुषों की भूमिका को अहम बताया।कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिनाथ महतो का सरहानीय योगदान रहा। मौके पर काफी संख्या में किशोरियां उपस्थित थे।

### कुजू में तोड़ा गया मौसीबाड़ी मंदिर



**कुजू।** छोटकी डुंडी राम जानकी मंदिर परिसर में मौसीबाड़ी मंदिर के नवनिर्माण को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया रामसेवक महतो ने किया। बैठक के दौरान पुरानी और जर्जर मौसीबाड़ी मंदिर के नवनिर्माण के साथ उसमें आने वाली खर्च पर चर्चा किया। साथ ही सहमति पश्चात जेसीबी मशीन के सहारे उक्त मंदिर को विधिवत पूजा अर्चना के बाद तोड़ दिया। वहीं इसके नवनिर्माण को लेकर सोमवार को विधिवत नींव रखने की जानकारी दिया गया। मौके पर तापेश्वर महतो, ठाकुर दास महतो, भोलेश्वर महतो, शक्ति कुमार महतो, संजय कुमार, डोमन ठाकुर, शोभा महतो, शिव नारायण महतो, बालेश्वर महतो, रोहित कुमार, मनोज सोरेन, मनोज कुमार, मनीष कुमार, वीरू महतो, गणेश महतो, आशीष कुमार, राजेश कुमार, पंकज करमाली, हरिश्चंद महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता से मिली अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद रविवार को भुरकुंडा पंचायत के टिपला निवासी सड़क दुर्घटना में घायल सिकंदर कुमार के आवास पहुंच उनका हालाचाल जाना। बताते चलें कि कांग्रेस का डिभोटी कार्यकर्ता सिकंदर पिछले दिनों अपने बाईक पर सवार होकर रांची से भुरकुंडा आ रहा था। इसी क्रम में पीछे से आ रही बाइक ने सिकंदर के बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह रोड के बगल में बने डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में सिकंदर के दाहिने पैर में काफी छोटे आई थी और उसका पैर भी टूट गया है। सिकंदर का इलाज रांची के प्राइवेट हॉस्पिटल में हुआ था। सूचना के बाद अंबा प्रसाद सिकंदर के घर पहुंच आर्थिक सहयोग की। उन्होंने कहा कि सिकंदर के ईलाज में कोई कमी नहीं होगा। सिकंदर पूरी तरह से ठीक होकर जल्द ही पार्टी के लिए कार्य करेगा। मौके पर राजकिशोर पांडेय, संजीव साहू, जयंत तुरी, बारीक अंसारी, चंदन साव, शिवनारायण यादव, राजकुमार रवि, खुशबू कुमारी, रंजीत करमाली, रामशरण गिरी, नरेश बेदिया, मनोज साहू, मो. मुस्तकीम अंसारी, गुड्डू सिन्हा आदि मौजूद थे।

# प्रेस क्लब हजारीबाग की बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा

## दिवंगत पत्रकार प्रकाश पांडेय को दी गई श्रद्धांजलि, सदस्यों ने दो मिनट का रखा मौन

### सभी सदस्यों ने पिछली बैठक के प्रस्ताव का किया अनुमोदन



हजारीबाग। झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। नववर्ष की इस पहली बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने की। सभी सदस्यों ने पिछली बैठक के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। फिर बैठक में सदस्यता अभियान चलाने, संगठन के विकास व विस्तार, पत्रकारों का कल्याण, गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने विभिन्न एजेंडों पर अपने-अपने विचार रखे। सदस्यों के विचारोपरांत अध्यक्ष और सचिव ने सांगठनिक विकास पर अपनी बात रखी और पत्रकारों के हित के लिए प्रेस क्लब हजारीबाग की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

उमेश प्रताप ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सकारात्मक ढंग से संगठन को आगे बढ़ाना है। सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि आपसी समन्वय से संगठन को मजबूत बनाना है। इसमें सभी सदस्यों की समान भागीदारी होनी चाहिए। इस मामले में प्रेस क्लब हजारीबाग धनी है।

बैठक के समापन के पहले दिवंगत पत्रकार साथी प्रकाश पांडेय की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में प्रेस क्लब हजारीबाग के संयुक्त सचिव देवनारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, प्रमोद खंडेलवाल,निरंजन कुमार, अमूल्य चंद्र पांडेय, आमंत्रित सदस्य अजय निराला, मनोनीत सदस्य अनवर फिदवी, दीपक कुमार, प्रमोद उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# मंटू यादव बने रामगढ़ जिला पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष

## अनंत सिंह सचिव, सन्नी कच्छप उपाध्यक्ष और शहनवाज कोषाध्यक्ष चुने गये

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** केन्द्रीय कार्यालय, पुलिस एसोसिएशन चुनाव रविवार को पुलिस केन्द्र रामगढ़ परिसर में हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के देखरेख में निर्विवाद, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दम्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में वाल्मीकी पाठक क्षेत्रीय मंत्री बोकारो, सुनील उरांव अध्यक्ष बोकारो, मनोज कुमार दास उपाध्यक्ष बोकारो , अनिल कुमार सिंह सचिव बोकारो, नौसाद अली संगठन सचिव बोकारो ,भीन सेन प्रसाद कोषाध्यक्ष,बोकारो उपस्थित थे। चुनाव में पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निंविरोध चुना गया। जिनमें पुलिस एसोसिएशन शाखा, रामगढ़ के निर्वतमान पदाधिकारीगण विपिन कुमार सिंह अध्यक्ष, भुतनाथ सिंह मुंडा उपाध्यक्ष, उमेश कुमार शर्मा सचिव, शम्भु दास संयुक्त सचिव , राजेश कुमार राय कोषाध्यक्ष, राजीव रंजन लाईन बाबु एवं अन्य पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।योगेन्द्र सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन, रांची-सह-पुनि पतरातु अंचल द्वारा सभी निर्वाचित शाखा पदाधिकारियों को विजय प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी के रूप में पुनि अजय कुमार साहु, पुनि रजत कुमार, पुलिस निरीक्षक गजेन्द्र कुमार पाण्डेय, पुनि नवीन प्रकाश पाण्डेय एवं पुनि कृष्णा कुमार उपस्थित थे। चुनाव पर्यवेक्षक एवं निंविरोध चुने गये पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़। अजय कुमार से शिष्टाचार मुलाकत किया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा नव निर्वाचित पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए रामगढ़ जिला के पुलिस पदाधिकारियों के कल्याण हेतु कार्य करने तथा कल्याण से संबंधित वैसे मुद्दों को जिसका निराकरण पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा किया जाना से समय-समय पर अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

### गरीब समाजसेवी संघ ने बांटा कंबल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार ने रविवार को समाजसेवी पप्पू सिंह को संघ में जोड़कर उनका स्वागत किया। पप्पू सिंह ने कहा कि आपलोगों के क्रिया-कलापो से प्रेरित होकर मैं संघ में शामिल हुआ हूं। संघ के कार्यों को देखकर मैं काफी प्रभावित हुआ हूं। अब मैं भी आपके साथ गरीब-जरूरतमंदों की सेवा में साथ रहकर कार्य करूंगा। इस अवसर पर दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदों के बीच संघ द्वारा चाय-नाष्ता कराये जाने की भी सराहना करते हुए पप्पू सिंह ने कहा कि गरीबो की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

### एनएचएआइ ने बरही चौक पर चलाया स्वच्छता अभियान



**बरही।** मकर संक्रांति को लेकर बरही चौक और उसके आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विश्व हिंदू परिषद के आग्रह पर आयोजित किया गया। विहिप ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से मुलाकात कर स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया था। मकर संक्रांति जैसे महत्वपूर्ण पर्व को ध्यान में रखते हुए इस सफाई अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाना था। इस दौरान क्षेत्र में जमी गंदगी को हटाने और सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। विहिप के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में स्वच्छता का विशेष महत्व है। ऐसे पर्वों पर स्वच्छता अभियान से न केवल क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाया जाता है, बल्कि समाज में सफाई के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।स्वच्छता अभियान में कई प्रमुख संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर गुरुदेव गुप्ता विहिप जिला सहमंत्री, चंदन केसरी सामाजिक समरसता प्रमुख, संतोष प्रजापति खंड कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुन्ना सोनी मिलन प्रमुख, भीम केसरी सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। इन सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया और सफाई के महत्व पर जोर दिया।

### मुखिया संजय प्रसाद ने 40 कंबल बांटा



कुजू। पंचायत के लोगों का विकास हो, यही मेरी प्राथमिकता है। पंचायत लोग ही मेरा सबकुछ है। उक्त बातें मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद रविवार को नावाडीह पंचायत भवन में आयोजित कंबल वितरण समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंचायत के दिव्यांग, विधवा, गरीब, असहाय व जरूरतमंद के बीच करीब 140 कंबल का वितरण जा रहा है। मौके पर पूर्व मुखिया चैनपुर ज्ञानी महतो,पंसस पूजा भारती, उपमुखिया मीना देवी, वार्ड सदस्य हरेंद्र प्रसाद,धनेश्वर प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

### कुजू : फैक्ट्री में प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों ने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



**कुजू।** श्री राम पावर लिमिटेड फैक्ट्री के प्रदूषण से प्रभावित कुजू पूर्वी पंचायत व आस-पास के ग्रामीणों ने तरवाटांड़ मैदान में रविवार को की बैठक। बैठक की अध्यक्षता पारो देवी व संचालन शबाना आजमी ने किया। बैठक में 12 सूत्री मांगों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने, पावर प्लांट से विद्युत आपूर्ति, स्थानीय बेरोजगारों को योग्यता अनुसार 70% रोजगार मुहैया करवाना, प्रभावित पंचायत में विकास कार्य साथ ही साथ कार्य के अनुसार ट्रेनिंग की व्यवस्था करने, महीना में कम से कम एक बार चिकित्सा शिविर लगाना, शिक्षा के क्षेत्र में विकास के कार्य करना, पंचायत में एंबुलेंस देना, श्रीराम पावर प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित गाड़ियों के लिए पार्किंग व्यवस्था करना, फैक्ट्री के आसपास पौधरोपण करना, आरा कांटा से नया मोड़ तक तीन टाइम पानी छिड़काव करना, फैक्ट्री से प्रभावित क्षेत्र का फसल के नुकसान के बदले में उचित मुआवजा देना, फैक्ट्री में कार्य कर रहे मजदूरों का उचित मजदूरी देने मांग किया गया। बैठक में अंचला देवी, पुष्पा देवी, प्यारी देवी, गीत देवी, पानो देवी, मान्य देवी, पारो देवी, अहिल्या देवी, संजू कुमारी, अनिता कुमारी, अनु कुमार, फुल कुमारी देवी, संजू देवी, बसंती देवी, रेणु देवी, ममता देवी, दुलारी कुमारी, उर्मिला देवी, संजू देवी, लाजवंती देवी, पिंकी देवी, डाकू देवी, बसंती देवी, रेखा देवी, निशा कुमारी, सुलेखा कुमारी, गीता देवी, रानी देवी, सीमा देवी, रेखा देवी, गीरबाला देवी, मुनिया देवी, उषा देवी, मंजू देवी, फुलो देवी, बीणा देवी, पायल देवी, गंगेश्वर महतो, बुद्धि महतो, प्रेम कुमार, गुलाम सरवर, अशोक कुमार, राकेश कुमार रॉक,कुलदीप महतो, दिलीप महतो, गणेश महतो, शंभूलाल ठाकुर आदि शामिल थे।

# कोल फील्ड मजदूर यूनियन का सम्मेलन 20-21 मार्च को

## ऐतिहासिक होगा क्षेत्रीय सम्मेलन : पप्पू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल फील्ड मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा पटेलनगर स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने किया। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने बताया कि 20-21 मार्च को एनके एरिया में कोल फील्ड मजदूर यूनियन की दो दिवसीय केन्द्रीय सम्मेलन आयोजित होना तय हुआ है। इस सम्मेलन में बरका-सयाल प्रक्षेत्र से 20 प्रतिनिधि भाग लेंगे। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने सम्मेलन का प्रचार-प्रसार एवं अन्य तैयारीयों में अभी से लग जाने की बात कही। उन्होंने कहा किसम्मेलन कई मायनो में ऐतिहासिक होगी। बैठक में सौंदा भी साइडिंग में कार्यरत बुधाई साव के शनिवार की सुबह पाली में ड्यूटी से गायब हो जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रबंधन एवं प्रशासन को बुधाई साव के खोजबीन में प्रयास करना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य संजय यादव, उरीमारी शाखा सचिव बिनोद साव, बिरसा शाखा सचिव सुधीर सिंह, रिजनल वर्कशॉप भुरकुंडा सचिव सुरेन्द्र ठाकुर, अशोक सिंह, मनोज कुमार, सुरेश, बेलो शर्मा, गजाधर राम आदि मौजूद थें।

## एक नजर में

### दारू बीडीओ ने बिरोहर टोला में बांटा कंबल



दारू। प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे (भाप्रसे) ने शनिवार कोग्राम पंचायत इरगा के बिरहोर टोला बड़वार में बिरहोर परिवारों के बीच 60 कंबल का वितरण किया बारेंगे ने बताया कि जल्द और भी पंचायतो में गरीब परिवार के बूढ़े बुजुर्गो, दिव्यांगों और जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। वितरण के दौरान उपसमाहर्ता मोहम्मद हारुन रशीद, मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि महावीर यादव, पंचायत सचिव अनिल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रविंद्र कुमार, प्रखंड नाजिर विजय कुमार, प्रखंड समन्वयक रिंकू रविदास एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### चरही : दो घरों से 3.50 लाख की संपत्ति चोरी

चरही। चनारो के तिलैया के पूरना पानी निवासी सहदेव महतो और महेंद्र महतो के घर में चोरों ने घर का ताला तोड़कर कई कीमती समानों को चोरी कर चंपत हो गए। सहदेव महतो ने बताया कि शनिवार रात घर में सभी परिजन नवजात शिशु के छठहारी में व्यस्त थे।इसी बीच अज्ञात चोरों ने चुपके से मिट्टी के घर में प्रवेश कर गोदरेज के ताले को तोड़कर नगदी समेत सोने चांदी के गहने को लेकर चंपत हो गए। उन्होंने बताया कि गहने को शादी में मेरे सास-ससुर ने मेरी को दिए थे।बाकी जो भी नगदी था साग-सब्जी बेचकर जमा किया था। इसी रात महेंद्र महतो के घर मे भी अज्ञात चोरों ने चोरी कर भाग निकले। इसके घर से करीब 50 हजार मूल्य के गहने चोरी हुए। महेंद्र महतो राज्य से बाहर काम करने के गया है। घर में अकेली पत्नी और छोट-छोटे बच्चे रहते थे। पत्नी घर में ताला लगाकर अपने माता-पिता घर के घर कनकी गई थी।जब मां के साथ घर लौटी तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ पाया। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है । नगद और गहने गायब हैं। इस संबध में चरही थाना में अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया गया है।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले संजीय बेदिया



**बड़कागांव।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने बुके देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बड़कागांव विधानसभा में जितने भी कोयला खनन कंपनियां है उन सभी के बारे में सभी बिंदुओं पर चर्चा की। वही विस्थापितों की समस्या पर भी विशेष चर्चा की गई।सीएम हेमंत सोरेन ने आश्वासन देते हुए कहां की जो भी समस्या है उन बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा। हमारी सरकार बहुमत से आई है और एक से बढ़कर एक योजना लाकर ग्रामीणों का कैसे विकास हो उसके लिए दिन-रात हम मेहनत कर रहे हैं ।

### बड़वार में गरीबों के बीच कंबल वितरित



**दारू।** इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार में जरूरतमंदों महिला पुरुष और असहाय मजदूर तबके के लोगों के बीच लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए इरगा पंचायत के समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य पति महावीर कुमार यादव के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही सच्ची मानवता की सेवा है। वहीं महावीर कुमार यादव ने कहा कि जनता के हर सुख-दुख में सरकार साथ है। ठंड को देखते हुए पंचायत में लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। आने वाले समय में और कंबल का वितरण किया जाएगा। लाभुकों को योजनाओं का लाभ देना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर बीरेंद्र यादव, अप्पू यादव, विकाश कुमार, रामशरण राम, अजित कुमार यादव समेत काफी दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मुखिया समशेर आलम ने की अलाव की व्यवस्था



बरही। कड़ाके की ठंड के मौसम में जहां कड़ाके की ठंड से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम जरूरतमंदों और राहगीरों के लिए राहत का काम कर रहे हैं। वे लगातार अपने क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करवा रहे हैं ताकि ठंड से परेशान लोगों को राहत मिल सके। मुखिया शमशेर आलम ने सर्द रातों में राहगीरों, मजदूरों और गरीब तबके के लोगों के लिए अलाव जलवाने की पहल की है। यह व्यवस्था मुख्यत: सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, चौक-चौराहों और अन्य प्रमुख स्थानों पर की जा रही है, जहां लोग आसानी से अलाव के पास बैठकर ठंड से बच सकें। शमशेर आलम ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब और बेसहारा लोगों के लिए अलाव का इंतजाम करना हमारी जिम्मेदारी है।

### अरुण साहू ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



बरही। बरही आवास में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुआ, जिसमें कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता अरुण साहू मुख्य रूप से उपस्थित हुए। अरुण साहू ने कहा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी हैं। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे।मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री के रूप में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, गौतम चंद्रवंशी, बबलू साहू, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, कुंदन कुमार, शम्भु मेहता, फि रदोस खान, राजेश सिंह, सन्तोष रजक, सोहन साव, प्रेम सिंह, पंसस मो तैयब अंसारी, उमेश साव, पंसस मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद सगीर, पप्पू दास सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### डपोक पंचायत में 100 गरीबों को मिला कंबल



**बरही।** डपोक पंचायत में मुखिया इंद्रा देवी ने ठंड को देखते हुए 100 गरीबों को कंबल दिया। कंबल वितरण में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास और पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लाभुकों में गिरधारी पासी, रज्जाक मियां, हकीम मियां, करमी मोसमात, मोसमात उर्मिला, जकीरा मोसमात, गुलबी देवी, बुधनी मोसमात, मोसमात सुंदरी, किशोरी दास, घमन दास, गेना पासी, मनोरमा देवी, कलवा देवी और खिरिया देवी सहित कई जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सरकार और पंचायत द्वारा की गई इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह की सहायता की उम्मीद जताई।

स्पीड न्यूज

## जेएलकेएम क्षेत्र की समस्याओं को पहुंचाएगी जयराम तक


सभा में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा लातेहार ने जिला अध्यक्ष परमेश्वर गंझू की अध्यक्षता में ललमटिया डैम लातेहार के समीप पार्टी कार्यकताओं की सभा की गई। जिसमें पंचायत स्तरीय नव नियुक्त पदों की समीक्षा की गई और उन्हें प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जेएलकेएम लातेहार की एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो से मुलाकात कर क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराएगी। लातेहार विधानसभा में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। सभा में जयप्रकाश घटवार, हितेश यादव, मुनेश गंझू, मुकेश गुप्ता, कुलदीप गंझू, विनोद गंझू, सम्राट आदि उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाया गया

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा आन्दोलनकारी दिवस शहीद चौक स्थित अनिल मनोहर केरकेट्टा के घर में अनिल की अध्यक्षता में मनाया गया। जहां सभा को संबोधित करते हुए अनिल ने कहा की आज के दिन में पूरे झारखंड में आन्दोलनकारी दिवस मनाया जा रहा है। झारखंड बनने के बाद मान सम्मान एवं अधिकार नहीं मिलने को लेकर आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चो ने अपने 13 सूत्री मांग पत्र में मुख्य रूप से जेल जाने की वाध्याता को समाप्त करो, आन्दोलनकारीयों को राजकीय मान सम्मान दो, 50 हजार की सम्मान पेंशन दो, अबुआ आवास योजना प्राथमिकता दो सहित अन्य कई मांग मोर्चा ने झारखंड सरकार से की। सभा का नेतृत्व कर रहे अनिल ने बताया की 19 अक्टूबर 2023 को सरकार द्वारा आन्दोलनकारीयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था आन्दोलनकारीयों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जा सका है। मौक पर गुणी देवी, फ्रांसिका एक्का,सुशीला कुजूर, रंजीत टोप्पो राजेश टोप्पो,सहित दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष कार्यक्रम में भाग लिए।

## छत से गिरकर 12 वर्षीय बच्चा घायल



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टुंडाहातू ग्राम में छत से गिरकर एक 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमन कश्यप 12 वर्ष पिता सुनील कश्यप ग्राम टुंडाहातु थाना बारियातु निवासी अपने घर में छत के ऊपर खेल रहा था। जहां पैर फिसलने की वजह से वह नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### लातेहार : कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

# योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें : शिल्पी नेहा तिर्की

➲ जनकल्याणकारी योजनाओं से सुयोग्य लाभुकों तक पहुंच रहे लाभ की जानकारी ली

खबर मन्त्र संवाददाता


समीक्षा बैठक करते मंत्री।

**लातेहार।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री ने कृषि विभाग, पशुपालन विभाग एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सुयोग्य लाभुकों तक पहुंच रहे लाभ की जानकारी ली। संबंधित विभाग के अधिकारी ने संबंधित विभाग की अद्यतन स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे किसानों को चिन्हित करें। कृषि के साथ-साथ जो कृषि से जुड़ी गतिविधियां, चाहे वो पशुपालन हो, कृषि का विविधीकरण हो, फलों की खेती, फूलों की खेती, सब्जियों की खेती, औषधि की खेती सहित जितने पक्ष हो सकते हैं, सभी पर विचार कर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में मंत्री के द्वारा निर्देशित किया गया कि बरवाडीह स्थित गोशाला का जीणोर्धार के लिए कार्य योजना तैयार कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि लाने हेतु महुआडांड़ प्रखंड में मिल्क रूट तैयार कर वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बीज विनिमय एवं वितरण की योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूँ एवं सरसों बीज का वितरण किया गया है। शेष बीज का वितरण तीन दिनों के अन्दर करने का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा बीज वितरण करने से पूर्व किसानों का चयन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाने का निर्देश दिया गया। वहीं मंत्री ने आगे कहा आरकेवीवाई-पीडीएमसी योजना अन्तर्गत अधिष्ठापित सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (मिनी स्प्रिंकलर / ड्रीप इरिगेशन) के विगत दो वर्षों के लाभुक किसानों की सूची विधायक को उपलब्ध कराया जाये। कृषक पाठशाला संचालन से पूर्व पाठशाला का कैलेण्डर तैयार कर सभी संबधित विभाग, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम में भाग लेने वाले लाभुकों का भौतिक सत्यापन करने के उपरान्त भेजे जाने का निर्देश दिया गया। नेतरहाट स्थित डंकन नाशपाति प्रक्षेत्र अन्य विभागों से अभिसरण कर उपलब्ध जमीन पर इंटर क्रॉपिंग, मछलीपालन, नाशपाति का प्रोसेसिंग हेतु कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ अन्य फल यथा-एवोकाडो एवं औषधीय पौधों की खेती पर भी जोर दिया जाने की बात कही गई।

**समीक्षा बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी**

बैठक में विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आप्त सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, जनप्रतिनिधि, आईटीडीए निदेशक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रकाश राम ने ग्रामीणों के साथ कि बैठक, कहा ग्रामीणों के साथ जबरदस्ती बर्दाश्त नही

# पुलिस प्रशासन ग्रामीणों पर बना रहा दबाव

खबर मन्त्र संवाददाता


ग्रामीणों के साथ बैठक करते विधायक।

**चंदवा।** चकला पंचायत स्थित नवाटोली में चकला पंचायत के विभिन्न गांव और टोलो से आये ग्रामीणों की बैठक जयनंदन उरांव अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से लातेहार विधायक प्रकाश राम मौजूद रहे, ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम को हिंडालको कंपनी और प्रशासन के रवैया से अवगत कराया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब से हिंडालको कंपनी आई है कुछ दलालों के माध्यम से मनमानी पर उतर आई है स्थानीय प्रशासन भी इनका सपोर्ट कर रही है। ग्रामीणों की मांगो को अनसुना कर एकतरफा कार्य किया जा रहा है। विधायक प्रकाश राम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जब तक मैं हूं किसी भी ग्रामीण का अहित नहीं होने दूंगा। ग्रामीणों को विश्वास में लिए वगैर यदि एक कदम भी कंपनी आगे बढ़ती है तो कंपनी के खिलाफ आपका विधायक आपके साथ खड़ा मिलेगा। विधायक श्री राम ने प्रशासन को भी स्पष्ट रूप से कहा बिना किसी कारण किसी निर्दोष को तंग किया तो परिणाम ठीक नहीं होंगे। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र के युवा बेरोजगार हैं इन्हे रोजगार के साथ जोड़ना मेरी प्राथमिकता होगी। विधायक ने ग्रामीणों को एक कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में आए कई ग्रामीणों ने ग्रामीण विकास संबंधित भी मामला उठाया, जिसपर विधायक ने सभी को आश्वस्त कराया कि ग्रामीणों संग मिलकर ही गांव का विकास होगा। इससे पूर्व ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से विधायक का स्वागत किया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, मुखिया रंजीता एक्का, विकास भगत, राजीव उरांव, सोहन लोहरा, शाहरुख खान, दशरथ महतो, राजकुमार उरांव समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## ऑटो से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर तुंबागड़ा ग्राम के समीप रविवार को ऑटो से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लालदेव लोहरा 35वर्ष पिता पाहन लोहरा ग्राम कोने थाना लातेहार निवासी अपने घर से बालूमाथ के शेरेगड़ा में ईंट भट्ठा में काम करने जा रहा था ।इसी दौरान चलते ऑटो से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

एक नजर में

## किता गांव में पीवीयूएनएल द्वारा पुनर्स्थापन कॉलोनी निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने की बैठक



**चंदवा।** पीवीयूएनएल बनहरदी कोल परियोजना से विस्थापित हो रहे परिवारों के पुनर्वास एवं पूर्णस्थापन कॉलोनी निर्माण को लेकर चयनित किये गए किता गांव के ग्रामीण विरोध पर उतर आए हैं। रविवार को राजकीय मध्य विद्यालय किता प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में बनहरदी कोल ब्लॉक से विस्थापित परिवारों के लिए पूर्णस्थापन कॉलोनी बनाने को लेकर जमीन नहीं देने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी के पास खेती योग्य काफी कम जमीन बची है। इसी जमीन पर खेती-बारी करके हम ग्रामीणों का जीवकोपार्जन चलता है, इसलिए किसी भी कीमत पर हम ग्रामीण स्थापित कॉलोनी बनाने को लेकर जमीन नहीं देंगे, कंपनी प्रबंधन इसके लिए कोई और जगह देखे। विदित हो कि दिसम्बर माह में भी पुनर्स्थापन कॉलोनी निर्माण को लेकर प्रशासन के द्वारा ग्राम सभा कराई गई थी, लेकिन सभा मे ग्रामीणों की उपस्थिति कम होने के कारण बैठक असफल रही थी। जिसके बाद प्रशासन की ओर से जनवरी माह में पुनः ग्राम सभा करने की तैयारी चल रही है, ऐसे में ग्रामीणों का खुलकर विरोध सामने आना कंपनी प्रबंधन व प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती मानी जा रही है। बैठक में अनिल उरांव, रंजीत प्रजापति, उमेश उरांव, रणजीत सिंह, कर्मदेव उरांव, रामकुमार उरांव, लीला देवी, विमला देवी, लिलो देवी, कुवारी देवी, कलावती देवी, पूनम देवी, नंदकिशोर सिंह समेत सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## रांची में आयोजित कार्यक्रम में चंदवा से शामिल होंगी सैकड़ो महिलाएं


बैठक करते लोग।

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में कर्मियों के साथ आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 06 जनवरी को मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को राशि भुगतान हेतु रांची के खोजाटोली नामकुम में आयोजित सरकार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई रणनीतियों पर चर्चा की गई। बताया गया कि इसके लिए चंदवा के निर्धारित स्थलों से बस सेवा की व्यवस्था की गई है। आंगनबाड़ी सेविका के साथ सभी जिम्मेवार संबंधित लोगों को इसकी सफलता के लिए निर्देशित किया गया। रूट चार्ट की जानकारी देते बताया कि यदि समय से यहां से जाने से लाभ मिलेगा। अधिक दूर तक उन्हें पैदल नहीं चलना होगा। बैठक में बीडीओ ने उपस्थित लोगों को कई दिशा-निर्देश दिए। मुखिया समेत अन्य पंचायती राज जनप्रतिनिधियों से इसमें सहभागिता निभाने की अपील की गई। मौके पर रितेश कुमार, सुचिंता देवी, चंदन कुमार, अमित कुमार, मनीष पांडेय, मो आरफीन, विद्या रानी, शिव कुमार, पद्मावती देवी, शांति देवी समेत पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका व अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ की बैठक संपन्न नगर एवं ग्रामीण प्रखंड कमिटी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** होटल हिल्स में रविवार को राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ की बैठक लातेहार जिला सचिव विनोद सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह, भरदुल सिंह, ठाकुरई सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष संजय सिंह, समाज से प्रखंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, माइनिंग इंस्पेक्टर श्याम नंदन सिंह, शिक्षक अरुण सिंह, नंदकिशोर सिंह, बमशंकर सिंह, राकेश सिंह उपस्थित हुए। बैठक का प्रारंभ महापुरुष महाराज मेदिनीराय के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ किया गया। महासंघ के बारे में चर्चा करते हुए लातेहार नगर एवं ग्रामीण प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह जागीर, सचिव रवि शंकर सिंह डेमो, कोषाध्यक्ष मनोज सिंह सेमरी, मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार सिंह डेमू, संरक्षक बमशंकर सिंह बरियातू, संगठन प्रभारी विजय कुमार सिंह, युवा प्रभारी सत्येंद्र सिंह, संगठन प्रभारी महेन्द्र सिंह, बसंत सिंह, कुंजबिहारी सिंह, बृजकिशोर सिंह, ईश्वरी सिंह, कानूनी सलाहकार विनेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह, उपकोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, उप सचिव पीताम्बर सिंह को बनाया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन नंदकिशोर सिंह ने दिया। बैठक में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ समाज में सामाजिक बदलाव शिक्षा एवं स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण का बढ़ावा देना एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना तथा महाराजा मेदिनीराय जी के विचार धारा को जन जन तक पहुंचान। साथ ही साथ राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा दी हुई शक्ति के साथ मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई।

# हाईवा की परिचालन से उड़ रहे धूल डस्ट से परेशान ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते ग्रामीण।

**हेरहंज।** पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को एक बार फिर पुनः ग्रामीण, राजनीतिक दल प्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जर्जर सड़क व डस्ट से परेशानी के विरोध में ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता नवादा ग्राम के ग्राम प्रधान उमेश ठाकुर ने किया। बैठक में लातेहार जिला स्थित तुबेद कोलमाइन्स से डीवीसी कम्पनी द्वारा चलाये जा रहे तुबेद से बालूमाथ के कुसमाहि साइडिंग तक हाईवा द्वारा कोयले का परिवहन से डस्ट व जर्जर सड़क हो जाने के कारण ग्रामीणों को यातायात करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कोयले की डस्ट से प्रभावित शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती व अन्य कारणों के विरोध में ग्रामीणों ने नवादा स्थित बाजारटांड़ में दो बार बैठक की। लेकिन अभी तक ग्रामीण व कोल ट्रांसपोर्ट के लोगों के साथ सहमति नहीं बन पाई। जिसके कारण रविवार को एक बार फिर पुनः बैठक हुई।

**तुबेद से कोयले का परिवहन जानी, नवादा, चिरु, हुम्बू होते बालूमाथ तक किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जाएगा: ग्रामीण**

जिसमें सभी ग्रामीण व प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि तुबेद से कोयले का परिवहन जानी, नवादा चिरु हुम्बू होते बालूमाथ तक किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए अब पूरे ग्रामीण एक जुट होकर जिले के उपायुक्त व डीवीसी कम्पनी के कर्मचारियों को ज्ञापन सौपेंगे। अगर ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं हुई तो कहा हम लोग राज्य सरकार को ज्ञापन सौपेंगे। अगर वहाँ से भी सुनवाई नहीं हुई तो प्रभावित ग्रामीणों के साथ अनिश्चित कालीन सड़क जाम करेंगे और उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। ग्रामीणों ने डीवीसी कंपनी के विरोध में रविवार को नवादा में सभी दुकानें बंद रखा। बैठक में ग्रामीण महिला व पुरुषों ने डीवीसी कंपनी के विरोध में नारे भी लगाए। डीवीसी कंपनी होस में आओ हमारी मांगे पूरी करो, लोकसभा न विधानसभा सबसे बड़ा ग्राम सभा, डीवीसी कंपनी ग्रामीण सड़क से कोयले का परिवहन कराना बंद करो जैसे नारे लगाए। सभी ने एक जुट होकर इस समस्या के समाधान के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रभावित ग्रामीण, जिला परिषद, सभी पंचायत प्रतिनिधि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।

## पोल्ट्री मुर्गा दुकान को बंद करवाने को लेकर स्थानीय लोगों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय और थाना गेट के समीप एपीएस जोन पोल्ट्री मुर्गा दुकान को बंद करवाने को लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को आवेदन सौंपा है। स्थानीय निवासी सरिता देवी, यशोदा देवी, गणेश सिंह, सूरज कुमार, सुमित्रा देवी, समुद्री देवी, मानदेव सिंह समेत अन्य लोगों ने बीडीओ को आवेदन देते हुए बताया कि थाना गेट के समीप मुर्गा दुकान होने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रहा है। जिसके इसके आसपास निवास करने वाले हम सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप बिमारियों को उत्पन्न होने की संभावना है। लोगों ने बीडीओ से अनुरोध किया है कि एपीएस जोन पोल्ट्री फार्म मुर्गा दुकान को अविलंब यहां से हटाकर इससे उत्पन्न होने वाले दुर्गंध से मुक्ति दिलवाने की कृपा करें ताकि हमलोग और हमारे आसपास का वातावरण बीमारियों से मुक्त हो सके। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी प्रतिलिपि अंचल अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और थाना प्रभारी को भी सौंपी है। ज्ञात हो कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने भी प्रखण्ड प्रशासन को आवेदन सौंप कर प्रखण्ड कार्यालय के समीप मुख्य गेट से मुर्गा दुकान को हटाने की मांग की थी। इधर मामले को लेकर अंचलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में अफजल अंसारी जी और अब स्थानीय लोगों आवेदन प्राप्त हुआ हुआ है। अंचल निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए गए है, और वरीय पदाधिकारियों को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।


जागरूकता अभियान चलाते लोग।

## डोर टू डोर चलाया गया विधिक जागरूकता अभियान: मिथलेश कुमार

**लातेहार।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में सदर प्रखंड के डूडगी कला गांव में पीएलबी मिथिलेश कुमार राम ने डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पीएलबी ने उपस्थित ग्रामीणों को कानून की बुनियादी जानकारी दी जिसमें बाल विवाह, डायन प्रथा, नशा मुक्ति, बाल श्रम इत्यादि पर प्रकाश डाला । साथ ही उपस्थित लोगों को कानून की जानकारी एवम सरकार द्वारा मिलने वाले सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का राशि लाभुकों के खाता मे पहुंचते ही उत्साहित

# लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल क्षेत्र मे मईयां सम्मान योजना का राशि लाभुकों के खाते मे ढाई-ढाई हजार दो माह का राशि आया है। राशि आते ही लाभुकों मे काफी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त योजना को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में बैठक की गई जहाँ मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत रांची स्थित खोजा टोली मे आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा भी किया गया। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सह अंचल कर्मी और जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 6 जनवरी 2025 को रांची के नामकुम स्थित खोजा टोली मैदान में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों के लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर देने की बात कही गई साथ ही बीडीओ अमित कुमार पासवान ने बैठक के दौरान कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त के निदेर्शानुसार आठ बसें और छह सवारी गाड़ियाँ व्यवस्था कराई गई हैं। प्रखंड क्षेत्र के सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र से लाभुकों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची ले जाने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करें। लाभुकों की सुविधा के लिए से रवाना होने से पहले सभी को नाश्ते का पैकेट और पानी उपलब्ध कराया प्रखंड मे कराया जाएगा। इसके अलावा, दोपहर और रात्रि भोजन की व्यवस्था जाते एवं आते समय रातू स्थित पार्क के समीप की गई है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए प्रकाश कुमार, को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।जबकि जेएसएलपीएस कर्मियों को सहायक नोडल पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है ये सभी लाभुकों को उपायुक्त द्वारा मुहैया सुरक्षित वाहन से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाने और पुनः सकुशल उनके घर वापस लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बीडीओ पासवान ने उपस्थित सभी कर्मियों को इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रखंड के सभी लाभुकों से 6 जनवरी 2025 को रांची के नामकुम स्थित खोजा टोली मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

## कृषि मंत्री को कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**सरयू।** लातेहार जिले के गारू प्रखंड के बारेसांड़ स्टेडियम में आयोजित खेलकूद एवं संस्कृति कार्यक्रम का समापन में शिरकत होने के दौरान सरयू चौंक में कार्यकताओं ने कृषि एवं सहकारिता मंत्री नेहा शल्पी तिर्की को बुके देखकर स्वागत किया। वही कृषि मंत्री ने सरयू चौंक में स्थित वीर शहीद नीलांबर पीताम्बर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव,कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष असगर हुसैन, शौकत अली, चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, मो कलाम, साबीर अंसारी, उलफन सिंह, मो इकबाल, शमीम खलीफा, सेंधोर नायक, सुधिर उरांव, विश्वनाथ विश्वनाथ उरांव, संजित सिंह, रामेश्वर नायक, संजय उरांव, विनोद उरांव, करम सिंह, सुदर्शन प्रसाद, सुलेमान अंसारी, खादीम रसुल, किरण देवी मंजू देवी , किरण देवी, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीएल फाउंडेशन के कार्यक्रम में मंत्री ने किया शिरकत

**गारू।** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ खेल स्टेडियम में बीएल फाउंडेशन बारेसांढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड सरकार के मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यह कार्यक्रम स्व. बलासियुस लकड़ा के आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया था, जिसमें सात दिवसीय खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। आईपीएस कमांडेंट जैप 2 डॉ सरोजिनी लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि उनके पिता बलासियुस लकड़ा की पुण्यतिथि के अवसर पर पहली बार ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

स्पीड न्यूज

## राजदोहा की निशा को राजेश मार्डी ने लिया गोद

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखण्ड के राजदोहा निवासी भीम कंसारी की छोटी बेटी निशा कंसारी के शरीर में ब्लड नहीं बनता । इन्हें हर महीने चढ़ाया जाता हैं । संभवतः सिकल सेल या थैलेसीमिया रोग से पीड़ित है या नहीं इसकी जाँच चल रही हैं । जब जमशेदपुर निवासी ट्राईबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने परिवार वालों से संपर्क किया और कल स्वयं उनके गाँव नरवा के राजदोहा पहुंचे । उन्होंने बताया कि भीम कंसारी बहुत ही गरीब परिवार से हैं और पति पत्नी दोनों मजदूरी का काम करते हैं । ऐसे में हर महीने इस बच्चे के लिए ब्लड की व्यवस्था करना उनसे संभव नहीं । तब 76 बार रक्तदान कर चुके राजेश मार्डी ने इस बच्ची को गोद लेने का निर्णय लिया और कहा कि जब जब इस बच्ची को ब्लड की जरूरत होगी मैं हमेशा इन्हें ब्लड उपलब्ध कराता रहूँगा । राजेश मार्डी के इस निर्णय से उनके सभी साथी और वीवीडीए सहित जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी ने उन्हें बधाई दी है ।

## नए साल के पहले रविवार को यूसिल कर्मियों ने धूमधाम से मनाया पिकनिक

**जादूगोड़ा।** नए साल के पहले रविवार को सरकारी अवकाश की वजह से जादूगोड़ा के पर्यटन स्थल पिकनिक स्पॉट से गुलजार रहे। इधर यूसिल में कार्यरत माइंस मैकेनिकल व मैगजीन विभाग के कम्पनी कर्मियों ने भी रविवार को कॉलोनी से सटे जादूगोड़ा के पांडुडीह गांव की खूबसूरत पहाड़ी की गोद में पिकनिक का आनंद उठाया व गाने के धुन पर खूब थिरके व मस्ती की। पिकनिक की मस्ती के बीच यूसिल के मैकेनिकल विभाग के सहायक अधीक्षक (यांत्रिकी ) आर के मोदी का जन्म दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर एक समारोह आयोजित की गई व केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर राजेश प्रसाद,आर के मोदी, राकेश द्विवेदी,रंजीत सिंह,जग्गू कर्मकार,सूरज पात्रों समेत भारी संख्या मैकेनिकल विभाग के कंपनिकर्मियों ने हिस्सा लिया।

## बोड़ाम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर।** जिला पूर्वी सिंहभूम प्रखंड बोड़ाम अंतर्गत 12 पंचायतों के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल प्रतिभागियों को बोड़ाम प्रखण्ड सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 3 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों को अगले वित्तीय वर्ष 2025 -26 के ग्राम पंचायत विकास योजना का कार्य योजना बनाने का प्रशिक्षण दिया। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणों की सहभागिता से बाल सभा और महिला सभा का आयोजन करते हुए ग्राम सभा को मजबूती देते हुए, ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप मास्टर ट्रेनर श्री अजय मिश्रा जी,मुखिया सह मास्टर ट्रेनर श्री कान्हु मुर्मू, श्री राकेश चंद्र मुर्मू , सुनील किस्कू और बीपीओ श्री बंधु महतो,प्रखण्ड समन्वयक श्रीमती नीलाम कुमारी एवं सहजकर्ता दल के सभी सदस्यों के उपस्थिति में समापन किया गया।

## वृद्धाश्रम में मना अस्तित्व का छठवा स्थापना दिवस

**जमशेदपुर।** आज सामाजिक संस्था अस्तिव के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर अस्तित्व के सदस्यों ने बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड एज होम में मकर संक्रान्ति का पर्व मनाया और उनके साथ बैठकर उनका हाल जाना। संक्रांति से पूर्व उनके बीच चुड़ा, गुड, तिलकुट,लाई आदि का वितरण किया गया जिससे की उनको अपने परिवार से दूर रहने का दर्द कुछ कम किया जा सके। इस दौरान उनके चेहरे पर संतुष्टि साफ झलक रही थी। सभी ने अपना सुख दुख साझा किया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक सदस्य श्रीमती मीरा तिवारी के साथ अस्तित्व की जिला अध्यक्ष श्रीमती अन्नू चौबे , टी आर एफ लेबर यूनियन के महासचिव और समाज सेवी अंजनि कुमार, अनिता तिवारी, रीता शर्मा, गीता गोराई उपस्थित रहीं।

# झारखंड क्षत्रिय संघ गोविंदपुर इकाई का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

## सामुदायिक विकास मैदान में जुटे तीन हजार क्षत्रिय भाई बंधु, शिक्षा पर दिया बल

### विधायक मंगल कालिंदी,पूर्व विधायक अरविंद सिंह सहित गणमान्य रहे उपस्थित



वनभोज कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह।



कार्यक्रम में उपस्थित क्षत्रिय समाज के लोग।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय संघ गोविंदपुर इकाई का पारिवारिक मिलन समारोह बड़े धूमधाम से सामुदायिक विकास मैदान,छोटा गोविंदपुर में संपन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में गोविंदपुर के क्षत्रिय भाई बंधु उपस्थित होकर सामाजिक एकजुटता का परिचय दिए।कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, विधायक मंगल कालिंदी,चंद्रगुप्त सिंह, अभय सिंह, शिव शंकर सिंह,अजय सिंह, कौशल सिंह, राजकुमार सिंह, कविता परमार, नन्द किशोर सिंह, दिग्विजय सिंह, राजेंद्र सिंह,जिला परिषद परितोष सिंह, मंजू सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज एकजुट होकर अन्य समाज के साथ साथ देश के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है हम सभी लोग मिलकर बेहतर समाज के स्थापना के लिए दृढ़संकल्पित है। विधायक अरविंद सिंह ने कहा समाज के अपने बच्चों को शिक्षित कर स्वस्थ समाज के साथ साथ अपनी राजनीतिक भूमिका पर भी विचार करे।

विधायक मंगल कालिंदी ने कहा देश की रक्षा के लिए हमेशा से क्षत्रिय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। क्षत्रिय समाज के प्रताप कल्याण केंद्र के जीर्णोद्धार का भरोसा दिया।

कार्यक्रम का संचालय संजोयक अशोक सिंह स्वागत भाषण अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह धन्यवाद ज्ञापन डॉ परितोष सिंह ने दिया। कार्यक्रम में 75 वर्ष से ऊपर समाज के 30 लोगों को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। एवं चार्टर अकाउंट की परीक्षा में 3 स्थान लाने वाली गोविंदपुर की बिटिया प्रांजल सिंह को सम्मानित किया गया।महिलाओं एवं बच्चों के बीच खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के युवा साथी आयुष चौहान के आकस्मिक निधन पर 2 मिनिट का मौन रख उसके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामनवमी सिंह, रमन सिंह, सुनील सिंह,जितेंद्र सिंह, गणेश सिंह, अरविंद सिंह,रंजन सिंह, जय कुमार सिंह, सुमन सिंह, संतोष सिंह, सुधीर सिंह,ऐश राणा सिंह, राजेश सिंह, वीरेश सिंह, मनीष सिंह, जितेन सिंह,कालीचरण सिंह, दिवाकर सिंह सहित अन्य ने मुख्य भूमिका निभाई।

# भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है : बांके बिहारी गुरुजी

### अग्रवाल सम्मेलन का भागवत का चतुर्थ दिवस आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



कथा के दौरान कथा वाचक बांके बिहारी जी।

**जमशेदपुर।** प्रभुदयाल भालोटिया सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड साकची में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक बाँके बिहारी गोस्वामी ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनायी. उन्होंने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है. साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है. राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने यह भी बताया कि 84 लाख योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है. जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तब प्रभु का अवतार होता है. प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है. जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ. जब कंस ने सारी मयार्दाऐं तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ. कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे श्रवण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है. भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है. कथा के दौरान बहुत आनंद से नंदोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें यजमान अशोक चौधरी ने अपनी पत्नी और परिवार के साथ बधाइयां स्वरुप उपहार वितरित किए।

**वामन अवतार और कृष्णावतार की जीवंत झांकी हुई प्रस्तुत :** राधा कृष्ण के प्रसंग के दौरान विभिन्न पात्रों के रुप में लोगों ने वेश भूषा धारण की और भावमय प्रस्तुति दी. इसी क्रम में अशोक चौधरी ने नंद और अर्जुन शर्मा ने वामन का वेश धारण किया। कथा स्थल पर श्री टाटानगर गौशाला द्वारा एक सांकेतिक गौशाला निर्मित की गई है जिसमें एक गाय व बछड़ा हैं। इच्छुक श्रृद्धालु जो गौशाला जाकर तुलादान नहीं कर पाते हैं। वे भागवत सप्ताह की पुण्य बेला में यहां तुला दान कर रहे हैं। आज कथा वाचक बाँके बिहारी गोस्वामी, विधायक पूर्णिमा साहू, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, संदीप मुरारका, महेश अग्रवाल, गीता देवी गुप्ता, पिस्ता देवी, अंश डांगा, आयुष अग्रवाल, ने तुला दान किया।

**कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हुए शहर के कई विशिष्ट लोग :** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, गौसेवक सह उद्योगपति आर के अग्रवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त की पत्नी डॉ. ख्याति मित्तल, एसिया के ट्रस्टी संतोष खेतान, निर्मल काबरा, दिलीप गोयल, गगन रुस्तगी, मदन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, आनंद हरनाथका, शंकर लाल गुप्ता, गौशाला के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला, नरेश मोदी, महावीर अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रत्नाकर खेतान, कमल लड्ढा, चैंबर के उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, यंग इंडियन के अध्यक्ष कौशिक मोदी, राजेश पसारी, ललित सिंहानिया, राजकुमार चंदूका, कमल अग्रवाल,कैलाश अग्रवाल अधिवक्ता, नरेंद्र मुरारका, अशोक मोदी, सांवर लाल शर्मा, ओम प्रकाश रिंगसिया, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवर मल अग्रवाल इत्यादि।

## एक नजर में

### श्रीमद् भागवत कथा सुन कर ही शाप मुक्त हुए थे राजा परीक्षित : कथा वाचक सुखदेव



**जमशेदपुर।** विजय गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में आज महाराज जीके मुखारविंद से सुखदेव और परीक्षित महाराज की कथा का श्रवण भक्तों ने किया। राजा परीक्षित को जब 7 दिन में मरने का श्राप मिला था तब परीक्षित को सुखदेव जी ने 7 दिन में श्रीमद् भागवत कथा सुनाकर उनको मुक्ति और भक्ति दोनों ही प्राप्त करवाई। गुरु की महिमा का वर्णन किया महाराज श्री द्वारा बताया गया की गुरु के बिना हम कोई भी कार्य अपना सिद्ध नहीं कर सकते हैं । जीवन में दीक्षा गुरु बनाना अति आवश्यक है जब तक हमारे दीक्षा गुरु जी का प्रकाश जीवन में नहीं होता है तब तक की हुई की हुई पूजा पाठ सब हमारे अधूरे हैं । गुरु का प्रकाश जीवन में अवश्य होना चाहिए ध्रुव जी जब 5 साल के थे तब गुरु की कृपा से ही उन्होंने 5 वर्ष की आयु में ही भगवान को प्राप्त किया था। ध्रुव जी महाराज ने नारद जी को अपना गुरु बनाया था। नारद जी से दीक्षा प्राप्त कर उन्होंने भगवान विष्णु को प्राप्त किया।

### विधायक पूर्णिमा ने किया कंबल का वितरण



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू ने रविवार को गोलमुरी मंडल स्थित केबुल हरिजन बस्ती में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर मानवता का संदेश दिया। विधायक पूर्णिमा साहू ने भाजपा कार्यकताओं के संग क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि ठंड के मौसम में गरम कपड़े और कंबल हर व्यक्ति के लिए बेहद आवश्यक हैं। समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना मेरा कर्तव्य है। यह कंबल सेवा अभियान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी जारी रहेगा, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को भी सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कंबल वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अप्पा राव, प्रोबिर चटर्जी राणा, प्रेम झा, अशोक सामंत, नरेंद्र ओझा, नवजोत सिंह सोहल, बिमला साहू, टिंकू मुखी, अमिश अग्रवाल, लक्ष्मण बेहरा, प्रदीप बोड़ाल, मोहन कुमार, उमेश गिरी, हरेराम यादव, इंदरजीत सिंह, पंकज अग्रवाल एवं झूलन ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजदू रहे।


### बड़ा गोविंदपुर में चलाया गया मासिक धर्म स्वच्छता जागरुकता अभियान

**जमशेदपुर।** महिलाओं और युवतियों में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और स्वच्छता की कमी को दूर करने के उद्देश्य से, विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने बड़ा गोविंदपुर में एक मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और जागरूकता संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, डॉ. मनीष झा, ने मासिक धर्म के स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की आवश्यकता, सही उत्पादों का उपयोग, और समाज में इस विषय से जुड़े मिथकों को खत्म करने के उपायों के बारे में जानकारी साझा की।

### भोजपुरी आईडल सीजन - 2 का आयोजन 25 को

**जमशेदपुर।** भोजपुरी संस्कृति मंच जमशेदपुर द्वारा आगामी 25 जनवरी 2025 को भोजपुरी गीत-संगीत प्रतियोगिता भोजपुरी आईडल सिजन 2 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भोजपुरी संस्कृति मंच जमशेदपुर के मुख्या संरक्षक श्री भरत सिंह ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक कलाकारों को ऑडिशन के लिए पंजीकरण फॉर्म हमारे साकची स्थित कार्यालय (भरत सिंह का कार्यालय, बिन्दा अपार्टमेन्ट, मिल एरिया, साकची, जमशेदपुर, झारखण्ड - 831001) में उपलब्ध हैं। इच्छुक प्रतिभागी हमारे साकची स्थित कार्यालय से पंजीकरण फॉर्म ले सकते हैं। जिसका शुल्क मात्र 300 रुपए है। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 9334043961, 7903772552, 9234970248 पर संपर्क कर सकते है। ऑडिशन और सेमीफाईनल हमारे साकची स्थित कार्यालय पर होगा।

### सुंदरनगर में धूमधाम से आयोजित हुआ उपरुम जुमुर



**जमशेदपुर।** रविवार को उपरुम जुमुर कार्यक्रम आदिवासी हो समाज महासभा, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा तुरमडीह टावर मैदान नीलडुंगरी सुन्दर नगर, पूर्वी सिंहभूम में आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत सबसे पहले आदिवासी हो संस्कृति से पूजा पाठ चैतन पूर्ति के द्वारा एवं वीर शहीद बिरसा मुण्डा, वीर शहीद पोटो हो, गुरु कोल लाको बोदरा, डा० भीमराव अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण जिला अध्यक्ष रायमूल बान्डरा एवं सचिव सोमनाथ पाड़ेया के द्वारा किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत की गई । कार्यक्रम मे आदिवासी खेल-कूद और हो नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न क्षेत्र से भाग लिए । अतिथि के रुप से उपस्थित हुए जयकिशन गोडसारा, जयपाल सिरका, नरन बान्डरा, मंगल सिंह सोय, रोशन पूर्ति,बीर सिंह बिरुली, सुरा बिरुली ,नजीर सुन्डी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सदस्य- संपूर्ण संवैया, सोमनाथ पाड़ेया, पिन्टू चाकिया, अंजिक्या बिरुवा, दुर्गा बारी, लाल मोहन जामुदा, ब्लास्टर केराई, दुगी कुंकल , मंगल केराई, विकास कुंटिया, गंगाराम बंडरा, समा लमय, मुस्कान सामाड, सोनाली लामय, रबीना हेंब्रम, सुम्मी हेंब्रम, निशा टोपनो आदि थे।

### ह्यूमन इकोलॉजी सोसायटी ने मनाया क्रिसमस

जमशेदपुर। समाज में सद्भाव, विकास और समृद्धि स्थापना के लिए हम सिर्फ शांति का ही मार्ग अपनाते हैं। ह्यूमन इकोलॉजी सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर, जो शांति और सद्भाव के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से कार्यरत है। ह्यूमन इकोलॉजी सोसाइटी का दूसरा स्थापना दिवस सह क्रिसमस एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन आज 5 जनवरी को संत जोसफ कम्यूनिटी कॉलेज, मानगो में बड़े सादगी पूर्ण रूप से संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय फादर एमिल कोईलो शामिल हुए। समारोह की शुरुआत भाई रौनक दास के प्रार्थना के द्वारा हुई। तत्पश्चात भाई नॉर्वेट एवं टीम के द्वारा एक सादरी गीत प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात सिस्टर डिलीत के द्वारा ह्यूमन इकोलॉजी सोसाइटी की एक विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

# डहरे टुसू पर डिमना से आम बगान तक आदिवासी समाज ने निकाली शोभा यात्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** डहरे टुसु परब 2025 भी हर्षोल्लास से समाप्त हुआ। इसके लिए डिमना से साकची आमबागान मैदान तक आयोजित शोभा यात्रा सह परब के लिए बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच ने सभी को धन्यवाद दिया। आभार व्यक्त किया। लोग नाचते गाते हूए आमबागान कब पंहुचा पता ही नहीं चला। लोग अपने पारम्परिक भेष भूसा में आए थे। पूरा जमशेदपुर पीला रंग के मौजूदगी को देखा। जमशेदपुर आज ढ़ोल मांडर के छौ नृत्य पर झूम रहा था।

टुसु परब को टुसु के महीने में मनाने, टुसु परब में मूर्ति का कल्चर खत्म करने, कुड़मालि भाषा को आठवी अनुसूची में शामिल करने, और टुसु के परब में छुट्टी का अवधी को बढ़ाने के सुझाव के साथ इस साल का टुसु परब को याद किया जाएगा। कार्यक्रम में बृहद झारखंड से आए हूए कलाकारों को और आमजनों को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का भीड़ कार्यक्रम का सफलता का पता चलता है। अपने भाषा संस्कृति को एक बार फिर से स्थापित करने के हर साल यैसे ही व्यापकता के साथ डहरे टुसु परब का आयोजन करते रहेगा।

# बुर्जुगों को 60 वर्ष की उम्र से आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ देने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज सुबह 11 00 बजे गांधी घाट पार्क साकची पर सिंहभूम पूर्वी के सांसद विद्युत वरण महतो सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति जमशेदपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिए । केन्द्रीय अध्यक्ष शिव पुजन सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि की ताकत उस क्षेत्र की जनता है आप जन समस्यायों के लिए आगे बढ़िए पूर्वी सिंहभूम के 2000 जनता आपके साथ हैं ।


निम्न समस्यायों के बारे में उनका ध्यान आकर्षित किया गया वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे पूर्ववत छुट मिलना चाहिए बुजुर्गो को आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना का लाभ स्वास्थ्य के लिए जो सुविधा 70 साल में मिलता है वह 60 साल में मिलना चाहिए वैसे बेटा जो बुढ़ापे में मां बाप को नहीं देख भाल करता है उसे मां बाप के प्रोपर्टी से बेदखल कर देना चाहिए। मानगो बस स्टैंड के पिछे जो नाला है उसको ढलाई कर देने से जगह बड़ा हो जाएगा तो सड़क पर बसें नहीं लगेगी बक्सर जाने वाला ट्रेन के समय मे बदलावा किया जाय। वरिष्ठ नागरिकों का पेंशन कम से कम 3000 किया जाय धालभूम गढ़ एयरपोर्ट अविलम्ब चालू किया जाय सांसद महोदय ने कहा कि इन सारी मांगों के समाधान के लिए मै संकल्प लेकर काम करुंगा।

कार्यक्रम में रमेश कुमार डी के मिश्रा अवधेश पाठक मुन्ना चौबे ने अपना विचार रखे स्वागत भाषण सुशील सिंह धन्यवाद ज्ञापन रमेश कुमार मंच संचालन मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव ने किया आयोजन में सुशील कुमार प्रमोद पाठक राजीव रंजन कैलाश प्रसाद दिनेश प्रसाद विशम्बर साहू विशम्बर शर्मा इत्यादि मौजूद थे।

# रेडक्रॉस ने किया 1566 रोगियों की आंखों का ऑपरेशन

- बचे 121 रोगियों की आंखों का आज होगा ऑपरेशन
- शिविर का समापन कल, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

खबर मन्त्र ब्यूरो



ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन करती स्व. केके सिंह की बहू रश्मि सिंह।

**जमशेदपुर।** रेड क्रॉस के पेट्रन व समाजसेवी स्व. के. के. सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ-2025 के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन आज बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर के उद्घाटन के साथ हुआ, जहां नेत्र शिविर का उद्घाटन वरीय नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह तथा के. के. एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट की चेयरमैन एवं ट्रस्टी रश्मि सिंह ने संयुक्त रूप से किया, उनके साथ टीएमएच के चिकित्सक डॉ. मोहन ठाकुर, रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, चन्द्रमोहन सिंह, मोहन धमोड़, रेड क्रॉस कार्यकर्ता आर्यन वत्स, मनीषा सिंह उद्घाटन सत्र में शामिल थें। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, टीएमएच की नेत्र विभाग प्रमुख भारती शर्मा, टीएमएच से डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया, डॉ. मलय द्विवेदी, डॉ. राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने आज 156 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण सम्पन्न किया।

रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि कल सोमवार को बचे हुए 110 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा। उन्होने बताया कि सोमवार को भी सभी नेत्र चिकित्सक अपनी सेवा प्रदान कर नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण करेंगे। आज शिविर में कार्यकर्ता राकेश मिश्र, प्रकाश मिश्र, राजू बिन्द, प्रियंका सिंह, रक्षिता सिंह, अतुल प्रियदर्शी, विधायक विश्वास, राजेश मोहन प्रसाद, श्रीराम शर्मा, शिवम कुमार सिंह, शुभम कुमार प्रसाद, अनन्त कुमार, आदित्य कुमार सिंह, अद्वित सिंह, अभय कुमार ने अपनी सेवा प्रदान की।

ज्ञात हो कि 7 जनवरी को शिविर की सम्पूर्णता नेत्र रोगियों की विदाई एवं वर्ष भर नेत्र ज्योति यज्ञ के सहयोग देने वाले नेत्र ज्योति दाता के सम्मान के साथ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव एवं रेड क्रॉस सोसाईटी झारखंड प्रदेश के सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी एवं रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के साथ कई अन्य सम्माननीय अतिथि शामिल होंगे।

# मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य रोका

खबर मन्त्र संवाददाता


विरोध जताते ग्रामीण।

**गढ़वा।** प्रखंड के फरठिया गांव के 250 ग्रामीणों ने पंचायत भवन के पास मुआवजा की मांग को लेकर रविवार को सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों ने सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न तीन बजे तक विरोध प्रदर्शन भी किया। मुआवजा भुगतान किए बिना कार्य किए जाने से ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीण मुआवजा भुगतान करने के बाद ही सड़क निर्माण कार्य करने की मांग कर रहे थे। मौके पर विभागीय जेई अंकित प्रसाद और नियुक्त दंडाधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पहुंचे इसके बाद ग्रामीण मुआवजा भुगतान कराने संबंधित आवेदन विभागीय जेई को देकर विरोध समाप्त किया। उक्त सड़क का निर्माण डेंटल कॉलेज मोड़ से नावाडीह गांव तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कराया जा रहा। मौके पर फरठिया पंचायत की बीडीसी सोनिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि शहंशाह, रीता देवी, संजू देवी, अलाउद्दीन अंसारी, महावीर उरांव, बीसू उरांव, लेयाकत अंसारी आदि ने कहा कि हमलोग विकास कार्य के बाधक नहीं है और ना हीं हमलोगों की मंशा सड़क निर्माण कार्य को बाधित करना है। बल्कि हमलोग अपने भूमि का मुआवजा की मांग कर रहे हैं। जिला प्रशासन के गुहार लगा चुके हैं। डेढ़ माह पूर्व उपायुक्त से हम सभी मिले थे। उन्होंने मुआवजा भुगतान कराने का आश्वासन भी दिया था। मगर डेढ़ माह बीतने के बाद भी अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अगर ऐसा ही रहा तो हमलोग बाध्य होकर न्यायालय की शरण में जाएंगें। ग्रामीणों ने कहा कि ढ़ाई माह पहले से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस बीच सिर्फ एक बार अमिन पहुंचे थे। जो मापी कर मकान व भूमि में दागी लगाकर चले गए। इसके बाद अभी तक जिला प्रशासन की ओर से ना ही हमलोगों को नोटिस भेजी गई है और नहीं मुआवजा से संबंधित किसी प्रकार की कोई पहल की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक की ओर से मनमानी तरीके से भूमि अधिग्रहित कर कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण के खेत तो बर्बाद हो ही रहे हैं कईं ग्रामीणों मकान भी टूट जाएंगे। ऐसे में जिला प्रशासन को सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए हम ग्रामीणों को न्याय देना होगा।

# पिता की पुण्य तिथि पर पत्रकार ने किया चूड़ा, मुरही, तिलकुट डोनेट

खबर मन्त्र संवाददाता


डोनेट करते प्रोफेसर कमलेश सिन्हा।

**गढ़वा।** अपने पिता की नौवीं पुण्य तिथि पर वरिष्ठ पत्रकार सह प्रोफेसर कमलेश सिन्हा ने रविवार को शौकत खान द्वारा संचालित अनेक निःशुल्क बैंक को चूड़ा, मुरही, तिलकुट, गुड़, बिस्कुट आदि डोनेट किया। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंदों, असहायों की सेवा ही सच्ची सेवा होती है। शौकत खान मानवता की सेवा का मिसाल बन कर लगातार इस दिशा में कार्य कर रहें हैं यह बड़ी बात है। हमारे जैसे लोग तो साल में कभी कभार यहां आते हैं किंतु शौकत भाई ने इस कार्य को अपने जीवन शैली में शामिल करते हुए वर्ष भर निस्वार्थ भाव से इस कार्य को करते हैं। शौकत खान ने कहा कि हमारे स्व. चाचा चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ चांद बाबू स्वास्थ्य सेवा के कार्य में मानवता की मिशाल पेश की थी। उनके मधुर वाणी और कुशल व्यवहार से मरीजों को राहत मिल जाती थी। यही कारण है गढ़वा शहर में उनका जुड़ाव हर घर से था। उनकी नौवीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र गरीबों का अनेक निशुल्क बैंक पहुंचकर गरीबों के लिए इन सामग्रियों को गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी डोनेट किया ताकि आने वाले मकरसंक्रांति में गरीबों के घरों में भी मिठास पहुंचे। मौके पर उनके छोटे भाई बिमलेश सिन्हा, संचालक साजिद खान आदि उपस्थित थे।

# प्रिन्स बने अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रिंस कुमार सिंह।

**कांडी।** कोयला नगरी धनबाद में अयोजित अभाविप झारखंड का रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन 5 जनवरी को सम्पन्न हुआ। जिसमें नए सत्र हेतु कार्यकारिणी की घोषणा की गई, इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांडी के ऊजार्वान नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह को उक्त अधिवेशन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। ज्ञात हो कि प्रिन्स मूलतः कांडी के निवासी हैं उनकी शिक्षा श्री सतगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा से राजनीतिक विज्ञान विषय से स्नातक तक पूरी हुई है, एवं सस्नातकोत्तर में अध्ययनरत हैं। प्रिंस 2019 से ही विद्यार्थी परिषद के संपर्क में हैं, उसी समय से ही छात्र हितों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, उन्होंने कांडी के छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखारने को लेकर टैलेंट अवॉर्ड एक्जाम व प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे अनेकों माध्यम से छात्रों को मदद हेतु हर संभव तत्पर रहते है। प्रिंस ने कहा कि कभी कल्पना नहीं की थी कि इस छात्र राजनीति की यात्रा में प्रदेश स्तर को सुशोभित करने का मौका मिलेगा। गढ़वा के कांडी प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लमारी जैसे छोटे गांव से निकले एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व मिलना अभाविप में ही संभव है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं के कंधे पर बहुत बड़ी जवाबदेही है। देश के सबसे बड़े जनसमूह की ऊर्जा भारत के नवनिर्माण में लगे इस उद्देश्य से परिषद के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय कैंपस से समाज के प्रत्येक समूह तक युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव जगाने की दिशा में निरंतर कार्य करते हैं। इसी का परिणाम है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त है। बधाई देने वालों में जिला संयोजक शुभम तिवारी, सचिन चैबे, लक्की कुमार, अमलेश कुमार, विशाल मेहता, ऋतुराज कुमार आदि ने बधाई दी है।

## डोलोमाईट माइंस बंदी के बाद कार्यरत ठेका कर्मियों का हो गया है अंतिम भुगतान: जीवधान



**भवनाथपुर।** पलामू प्रमंडल खान मजदूर संघ के महासचिव जीवधान साहू ने सोमवार को एटक कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि डोलोमाईट माइंस बंदी के बाद कार्यरत ठेका कर्मियों का अंतिम भुगतान हो चुका है। सेल प्रबंधन द्वारा भवनाथपुर में की गई रैयतों के भूमि की वापसी झारखंड सरकार और हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही संभव है। जिस दिशा में आंदोलनरत विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कहा कि तुलसीदामर डोलोमाईट खदान की समाप्त हो चुकी लीज को झारखंड सरकार और सेल प्रबंधन की आपसी सहमति लीज प्रक्रिया को जिंदा करते हुए इसे दुबारा चालू करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर सेल प्रबंधन राज्य सरकार जमीन हस्तांतरित कर यहां सीमेंट फैक्ट्री, पॉवर प्लांट या अन्य कोई उद्योग धंधा स्थापित कराए अन्यथा उक्त जमीन को विस्थापित रैयतों वापस करें। मौके पर गणेश सिंह, अख्तर अंसारी, ऐनुल अंसारी, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

# शांति निवास को हराकर ज्ञान निकेतन सेफा मे



पुरस्कार देते संरक्षक व अन्य।

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 20वें दिन सीनियर वर्ग के मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने शांति निवास हाई स्कूल को 22 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में बीपीडीएवी ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव को चार रन से हराकर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्रतिकार और सिक्का उछाल कर मैच का शुभारंभ किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सात ओवर में 83 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 61 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में बीपीडीएवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में ऋषभ ने 40 के सहयोग से सात ओवर में 103 रन बनाए। जबावी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम आठ विकेट पर 99 रनों पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के दिव्यांश व बीपीडीएवी के ऋषभ को प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, पूर्व खिलाड़ी विनोद कमलापुरी और गढ़वा में क्रिकेट के संस्थापक सह पूर्व खिलाड़ी सच्चिदानंद धर दुबे ने प्रदान किया। मौके पर संरक्षक श्री पांडेय ने कहा कि आप सभी लोग अनुशासित होकर खेल को खेलें। अंपायर के निर्णय को हर हाल में माने। उन्होंने कहा कि सभी लोग सम्मान देने का काम करें, सम्मान देने से सम्मान घटता नहीं बढ़ता ही है। मौके पर उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष सह मैच के पर्यवेक्षक सियाराम शरण वर्मा, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज, प्रवीण मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, शहजाद खान, नमन आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत, गोलू दास आदि लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मुखिया बैजनाथ प्रसाद की मनी 21वीं पुण्यतिथि


वितरण करते मिथिलेश कुमार गुप्ता।

**केतार।** पंचायत के पूर्व मुखिया स्व. बैजनाथ प्रसाद साह की 21वीं पुण्यतिथि पर उनके बड़े पुत्र सीमेंट व्यवसायी सह समाजसेवी मिथिलेश कुमार गुप्ता ने अपने पैतृक आवास पर अपने पिता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने असहाय, बुजुर्ग, विकलांग सहित लगभग सैकड़ो लोगों के बीच कंबल वितरण किया एवं आशीर्वाद लिया। मौके पर मिथिलेश ने बताया कि उनके पिता लगभग तीन दशक मुखिया रहते हुए आम लोगों का सेवा किए एवं हमेशा ही सहयोग की भावना रखा। वह पिछले एक दशक से पिता की पुण्यतिथि मनाते आ रहे है। मौके पर मृत्युंजय प्रसाद, पंकज कमलापुरी, रामविचार साहू, अमरेंद्र प्रसाद, ज्वाला कमलापुरी, धर्म प्रकाश, सुरेश गुप्ता, कमला चैधरी, अमन कुमार, राजीव रंजन, गया साह, यमुना कमलापुरी, वीरेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच 70 कंबल का वितरण


वितरण करती प्रमुख।

**केतार।** प्रमुख चंद्रावती देवी और प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने पाचाडुमर अपने आवास पर ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच लगभग 70 कम्बल का वितरण किया। वही 100 कंबल प्रमुख ने अपने बीडीसी के माध्यम से उनके अपने पंचायत में बांटने के लिए दिया गया। श्रीमती देवी ने कही कि इस बार ठंड ज्यादा पड़ रही है। प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कराने का प्रयास करूंगी।

# मोरबे की टीम ने जीता स्व. राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता


ट्रॉफी प्रदान करते विधायक।

**कांडी।** प्रखंड के लमारी कला पंचायत के हरीगांवा खेल मैदान पर खेले जा रहे स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब मोरबे की टीम जीती। झारखंड मोरबे की टीम ने बिहार के तिलोखर की टीम को पांच विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार टूनार्मेंट का विजयी खिताब जीता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने विजयी टीम को ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि हार जीत खेल के दो पहलू हैं। हारने से किसी भी टीम के खिलाड़ियों को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि और लगन व मेहनत के साथ खेलने की जरूरत है। उन्होंने लोगों की मांग पर कहा कि हरिगांवा की इस खेल मैदान को और विकसित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में जहां जमीन उपलब्ध है एक खेल का मैदान विकसित किया जाएगा। जहां पर युवा मेहनत कर खेल के क्षेत्र में और सरकारी नौकरी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है विधानसभा क्षेत्र के सभी छोटे बड़े चेक डैम का निर्माण करना। अगर सरकारी निधि से निर्माण नही होता है तो मैं अपने मिशन जनकल्याण के तहत चेक डैम का निर्माण करूंगा। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए तिलोखर की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 120 रन बनाकर आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलने उतरी मोरबे की टीम 11.2 ओवर में पांच विकेट खोकर 121 रन बनाकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का खिताब मोरबे टीम के खिलाड़ी अंकित को मिला जिसने 4 विकेट और 29 रन बनाए थे। जबकि मैन ऑफ द सीरीज तिलोखर टीम के खिलाड़ी राहुल को मिला। विजेता टीम को ट्राफी के साथ नगद 15 हजार व उप विजेता टीम को ट्राफी के साथ नगद 8 हजार दिए गए। अम्पायर की भूमिका बिपुल सिंह व टीपु पासवान ने निभाई। स्कोरर चंदन सिंह व कमेंटेटर अभिनंदन शर्मा व राहुल पाण्डेय थे।

मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास उपध्य्याय, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, नीरज सिंह, अरुण राम, लल्लू यादव, उप मुखिया अतीस सिंह, गोरख प्रसाद सिंह, अजीज अंसारी, हसन रजवार, हरिनाथ चंद्रवंशी, शिव प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल का शुभारंभ, 26 राज्यों के खिलाड़ी जुटे

**पूर्णिया।** पूर्णिया के विद्या विहार स्कूल परोरा के रमेश विजया लक्ष्मी मेमोरियल स्टेडियम में 53वां राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडवाल प्रतियोगिता का रविवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर खाद्य उपभोक्ता आपूर्ति मंत्री लेशी सिंह,सांसद पप्पू यादव, एमएलसी संजीव सिंह ने दीप प्रज्वल्लित एवं गुब्बारा उड़ा कर खेल की शुरूआत की। 53वां हैंडबाल प्रतियोगिता में 26 राज्य के 600 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। ये प्रतियोगिता रविवार से 9 जनवरी तक चलेगा। प्रतियोगिता का पहला मैच बिहार और उड़ीसा के बीच खेला गया, जिसमे बिहार ने 13– 2 से जीत हासिल की। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव प्रीत पाल सिंह ने बताया कि यहां पर भारत के लगभग सभी राज्यों के खिलाड़ी आए हुए हैं और आयोजको द्वारा बेहतरीन व्यवस्था की गई है।

## पश्चिम चंपारण : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के शिकारपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि नरकटियागंज–लौरिया मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इस बात की आशंका है कि अज्ञात ट्रक या कोई भारी वाहन की चपेट में युवक आ गया। मृत युवक की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के खिरिया मठिया गांव के वार्ड संख्या तीन निवासी विवेक कुमार के रूप में की गई है।

## गन्ने के खेत से युवक का शव बरामद

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के लालसरैया फौजदारी जिरात स्थित गन्ने के खेत में 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) विवेक दीप ने रविवार को यहां बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी कि गन्ने के खेत में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस के पुलिस अधीक्षक डॉ. शर्ाय सुमन समेत मझौलिया की पुलिस पहुंची। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर ही परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर डॉ. सुमन ने उनके नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझाने का निर्देश दिया है। मृतक की शिनाख्त जौकटिया मलाही टोला वार्ड नंबर 12 निवासी प्रदीप सहनी के रुप में हुयी है।

# चारा घोटाला में लालू को जेल पहुंचाने और सजा दिलाने वाले थे सुशील मोदी: सम्राट

एजेंसी



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सुशील कुमार मोदी ने लालू प्रसाद और उनके जैसे बड़े घोटालेबाजों को कानून के शिकंजे में लाकर जेल भेजने का काम किया। चारा घोटाला हो, महागठबंधन सरकार के समय का मॉल-मिट्टी घोटाला हो या रेलवे की नौकरी के बदले गरीबों की जमीन लेने का घोटाला हो, सुशील मोदी ने लालू परिवार के हर भ्रष्टाचार को पुख्ता सबूत के साथ उजागर किया। वे एक तरफ भ्रष्टाचार और घोटालों पर हमला करते रहे तो दूसरी तरफ बिहार में एनडीए सरकार और विकास की राजनीति के बड़े शिल्पकार भी थे। सुशील कुमार मोदी शोध संस्थान के तत्वावधान में राजधानी के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित जयंती समारोह में सम्राट चौधरी ने कहा कि सुशील मोदी 13 वर्षों तक बिहार की एनडीए सरकार के वित्त मंत्री रहे। इस नाते उन्होंने वित्तीय अनुशासन लाने और बिहार को बीमारू राज्य की कतार से उठाकर सबसे तेज विकसित होने वाला प्रदेश बनाने में बड़ी भूमिका निभायी। चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और तेज विकास दर हासिल करने में सुशील मोदी ने हमेशा नीतीश कुमार का साथ दिया। वे अपनी इन्ही क्षमताओं की वजह से मुख्यमंत्री के निकट थे। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की गठबंधन सरकार को टिकाऊ और परिणामदायक बनाने में सुशील मोदी ने समन्वय का जो राजनीतिक कौशल दिखाया, वह हम सबके लिए प्रेरणादायक है।चौधरी ने कहा कि 1990 में जब वह पहली विधायक बने तब सामाजिक न्याय और दलितों-पिछड़ों के सम्मान के लिए संघर्ष का महत्वपूर्ण दौर था। ऐसे समय में सुशील मोदी ने भाजपा को सामाजिक न्याय के साथ मजबूती से खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि संविधान, अम्बेडकर, आरक्षण, जातीय जनगणना, संसदीय परम्परा, बजट, जीएसटी और वित्तीय प्रबंधन पर पार्टी का पक्ष सर्वाधिक प्रभावशाली ढंग से रखने में सुशील मोदी की प्रतिभा का लोहा माना जाता था। चौधरी ने कहा कि बिहार में किसी बड़ी घटना-दुर्घटना के बाद सबसे पहले वहां पहुंचने की तत्परता उन्होंने कपूर्री ठाकुर (अब भारत रत्न) से सीखी थी और इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते थे। चौधरी ने कहा कि यह सुशील मोदी की अद्भुत प्रतिभा और लोकप्रियता का प्रमाण है कि वे बिहार विधानमंडल और संसद यानी विधायिका के सभी चार सदनों के सदस्य रह चुके थे।

## हथियार का प्रदर्शन करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने रविवार को यहां बताया कि गड़खा थाना पुलिस को सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करते हुए फायरिंग करने का एक वायरल विडियो प्राप्त हुआ। जिसकी जांच करने एवं विडियो के सत्यापन के बाद पुलिस ने दक्षिण कदना गांव निवासी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर एक फोन बरामद किया। जिसमें उक्त विडियो लोड था। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी प्रिंस कुमार ने पुलिस को बताया कि अवैध हथियार दक्षिण कदना गांव निवासी सतेन्द्र कुमार है।

## बीपीएससी छात्रों के आंदोलन को कमजोर कर रहे प्रशांत : तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि श्री किशोर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) छात्रों के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं और वह एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। श्री यादव ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी राजद ने सबसे पहले बीपीएससी के अभ्यर्थियों के मुद्दे को उठाया और सरकार से उनके पक्ष में कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दो पत्र लिखकर इन मांगों पर विचार करने का अनुरोध भी किया था। उन्होंने कहा कि राजद ने इस मुद्दे पर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया और इसे सदन में जोर-शोर से उठाया।

# सीएम नीतीश ने मुजफ्फरपुर को 451 करोड़ की सौगात

एजेंसी



**पटना/मुजफ्फरपुर।** सीएम नीतीश कुमार ने रविवार को प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में मुजफ्फरपुर जिले को 451 करोड़ 40.12 लाख रुपये की 76 योजनाओं की सौगात दी है। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। हम दो बार गलती से उधर चले गए थे, अब एनडीए में ही रहेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे। हिंदू-मुस्लिम सहित सभी वर्गों के हित के लिए हमने काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी सभी जानते हैं। जबसे हमलोगों की सरकार आयी महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्य किए गए, जिसके फलस्वरुप आज काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। हमलोगों ने स्वयं सहायता समूह का गठन किया उसे नाम दिया 'जीविका'। जीविका समूह से जुड़ने वाली महिलाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। आप देख रहे हैं जीविका दीदियां कितना अच्छा काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जीविका अच्छा काम करने लगी तो उस समय की केंद्र सरकार ने इसकी सराहना की और उसी की तर्ज पर 'आजीविका' नाम देकर पूरे देश में इसे चलाया। जीविका दीदियों को जिन चीजों की जरुरत होती है हमलोग उसे पूरा करते है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बागमती नदी पर प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल एवं गरहा (एनएच-57)- हथौड़ी-अतरार-बवनगामा- औराई पथ संबंधी कार्य का नक्शा पर अवलोकन किया। इसकी कुल लागत 814.22 करोड़ है। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर-बरौनी खंड के एनएच-122 का फोरलेन चौड़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर के दिघरा रामपुर के पूर्वी भाग में प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण से संबंधित कार्य का भी स्थल निरीक्षण किया। प्रस्तावित मुजफ्फरपुर ईस्टर्न रिंग रोड, मधौल (नया एनएच-22) दिघरा पट्टी (नया एनएच-122) बखरी (नया एनएच-27) को जोड़ती है, जिसमें मधौल से दिघरा 4.45 किलोमीटर भाग तथा दिघरा से बखरी 12.55 किलोमीटर है। इस पथ के बन जाने से दरभंगा, सीतामढ़ी, शिवहर, मोतिहारी आदि स्थानों से आने वाले वाहन मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र बिना प्रवेश किये हुए पटना, समस्तीपुर, बरौनी की ओर सुगमता से जा सकेंगे, जिससे जाम तथा यातायात घनत्व को कम करने में सहायता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित पथों एवं पुलों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। स्टॉल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने 1559 सामुदायिक संगठनों को आरंभिक पूंजी निधि एवं परिक्रमी निधि से संबंधित 48 करोड़ 12 लाख 26 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, 1595 सत जीवकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को 7 करोड़ 5 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत दिव्यांगजन लाभुकों को बैटरी चलित वाहन की चाबी, अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक एवं मुख्यमंत्री निजी (अन्य प्रजाति) पौधशाला प्रोत्साहन राशि से संबंधित सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया।

## सारण :सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना में घायल एक शिक्षक की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि बहुआरा गांव निवासी अक्षयवट साह नगरा प्रखंड में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। सात दिसंबर को नगरा से वापस आने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर किसी अज्ञात वाहन से हो गई थी, जिसके कारण वे घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया था। पटना के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शिक्षक की मौत हो गयी है।

## पीडीएस डीलर की गला काट कर की हत्या

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलर की गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि खरडीह गांव स्थित खलिहान में अपराधियों ने शनिवार की देर रात धारदार हथियार से पीडीएस डीलर शिवनंदन महतो (65) की गला काटकर हत्या कर दी।

## विस चुनाव में एनडीए को ही मिलेगा जनसमर्थन : पटेल

**पटना।** राष्ट्रीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं भाजपा नेता नीलमणि पटेल ने कहा कि इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी जनता का समर्थन एनडीए गठबंधन के साथ होगा। श्री पटेल ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद को इस बार के चुनाव में फिर हार का सामना करना पड़ेगा। राजद नेता तेजस्वी यादव कितना भी जोर लगा लें, लेकिन उन्हे जनता का समर्थन मिलने वाला नही है।

# महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आयेंगे

## योगी ने झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़िशा और मध्य प्रदेश के युवाओं से किया संवाद, कहा-कानून का पालन करें

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित किया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष होने के कारण यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की।

**▸▸ जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए तत्परता से काम कर रहा है देश**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। यह प्रकृति व परमात्मा की विशेष भूमि है। मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ होने जा रहा है। इसमें 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यूपी में काशी विश्वनाथ धाम, भगवान राम, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, लीला भूमि वृंदावन, मां विंध्यवासिनी धाम भी है। उत्तर प्रदेश वैदिक कालखंड से लेकर अब तक की सभ्यता-संस्कृति और देश की आजादी की अनेक घटनाओं की भूमि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको उत्तर प्रदेश को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश विकास के मानक में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। यूपी ने खुद को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। विकास व सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था है। उग्रवाद, आतंकवाद, उपद्रव, दंगे-फसाद हैं तो विकास, रोजगार सृजन, सुशासन, निवेश नहीं हो सकता। सीएम ने बच्चों को मंत्र दिया कि हम कानून का पालन करें, कानून हमें संरक्षण देगा। योगी ने युवाओं से कहा कि देश-समाज व संस्कृति के प्रति आपके मन में उत्कंठा देखकर अच्छा लगा। जीवन में आगे बढ़ने और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ही मंत्र होना चाहिए कि मेरा अपना कुछ भी नहीं, देश सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं। उपासना विधि का अंतर हो सकता है, लेकिन राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं हो सकता। जनजातीय समुदाय प्राचीन काल (भगवान राम) के समय से ही देश व धर्म के लिए मजबूती के साथ जुटने वाले योद्धा के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण में यह वर्णन बताता है कि ऋषि-मुनियों की साधना स्थली व दिव्य ज्ञान की भूमि दंडकारण्य जनजातीय संस्कृति व सभ्यता से भरा है। झारखंड, ओडिशा से लेकर सुदूर महाराष्ट्र तक विस्तृत भूभाग है, जहां की जनजातीय संस्कृति ने ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को संजोकर विपरीत परिस्थितियों में संरक्षण किया। जब भी राष्ट्र व धर्म के सामने चुनौती आई तो उसका मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार किया।






**प्रयागराज। महाकुंभ में एक हठयोगी ने 12 वर्ष के संकल्प के साथ 45 किलो रूद्राक्ष माला की मनियों की टोपी धारण कर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।**

## स्पीड न्यूज

### पाक में विस्फोट, चार की मौत व 32 घायल

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के तुरबत में शनिवार को हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। घायलों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और उनके परिवार के छह सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों के मुताबिक,आतंकी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। मृतकों की पहचान नूर खान, अब्दुल वहाब, इजाज व लियाकत अली के रूप में की गई है।

### शाहिद कपूर की फिल्म देवा का टीजर रिलीज



**मुंबई।** शाहिद कपूर की फिल्म देवा का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म के दो दमदार पोस्टर्स ने पहले ही फैंस को देवा की इंटेंस दुनिया की झलक दी थी। इन पोस्टर्स में शाहिद का जबरदस्त और धमाकेदार अंदाज देखने को मिला, जिसने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। इसमें तगड़ा एक्शन, शानदार डांस सीक्वेंस और एक दमदार स्टोरीलाइन नजर आ रही है, जिसने सबको एक्साइटमेंट से भरते हुए उत्सुक कर दिया है।


### किश्तवाड़ में खाई में गिरा वाहन, चार मरे

**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले के पाडर के मस्सु क्षेत्र में रविवार सुबह एक टिप्पर वाहन गहरी खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई है।इस वाहन में सवार दो लोग अभी लापता हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और लापता दोनों लोगों को पास में बह रह रही नदी में खोजा जा रहा है। केन्द्रीय राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने इस दुर्घटना पर दुख जताया और क्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर से दुर्घटना की जानकारी ली है।

### एक बांग्लादेशी युवती कोलकाता में गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के एंटाली थाने की पुलिस ने एनआरएस अस्पताल के सामने से एक बांग्लादेशी युवती को गिरफ्तार किया है। भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाने के कारण आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपित युवती दो-तीन दिन पहले कंटीली तार पार कर अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई। रविवार को पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार बांग्लादेशी युवती का नाम बेबी विश्वास (20) है। उसके पिता का नाम आलमगीर खान है।

### हिलेरी समेत 19 हस्तियों को मिला प्रेसिडेंशियल मेडल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को पूर्व विदेशमंत्री हिलेरी क्लिंटन समेत 19 हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से अलंकृत किया। बाइडेन ने कहा कि अलंकृत होने वालीं हिलेरी समेत 19 लोगों ने अमेरिका की बेहतरी के लिए बहुत कुछ किया है।



### प्रधानमंत्री ने नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन

**गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन कर दिया है। इसके बाद पीएम ने क्यूआर कोड स्कैन कर ट्रेन का टिकट ले सफर भी किया। इस यात्रा में उनके साथ स्कूली बच्चे भी साथ दिखे।इस दौरान कुछ स्कूली बच्चों से बातचीत भी की। साथ ही बच्चों ने प्रधानमंत्री को तोहफे भी दिए। बच्चों ने अपने हाथ से बने पोस्टर और पेंटिंग पीएम मोदी को बड़े प्यार से भेंट किए।**

# दिल्ली में नहीं बंद होगी जनहित की कोई योजना

## मोदी ने भाजपा के लिए मांगा एक मौका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका देने की अपील की। उन्होंने दिल्लीवासियों को विश्वास दिलाया कि भाजपा के जीतने पर दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद नहीं होगी।

दिल्ली के जापानी पार्क में आयोजित परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों को डराया जा रहा है कि भाजपा के जीतने पर कई योजनाएं बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद तो नहीं होगी, लेकिन जो उसमें बेईमानों का ठेका है उनको बाहर निकाला जाएगा। पिछले 10 साल में राज्य सरकार की योजनाएं, सिर्फ कागजों पर चली हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार को आपदा की संज्ञा देते हुए कहा कि दिल्ली को इस आपदा से मुक्ति दिलाना बेहद जरूरी है। पिछले 10 सालों में दिल्ली ने एक ऐसी राज्य सरकार देखी है, जो किसी आप-दा से कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को बर्बाद करने में आप-दा वालों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। ये लोग बसों के रख-रखाव पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका नुकसान दिल्ली के आम नागरिकों को उठाना पड़ा है। दिल्ली में जब गर्मी आती है तो पीने के पानी के लिए मारामारी मच जाती है। जब बारिश होती है तो जलभराव हो जाता है और जब सर्दी आती है तो प्रदूषित हवा में सांस लेना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली के लोगों की ऊर्जा साल के 365 दिन आप-दा वालों से निपटने में खर्च हो रही है। इसलिए दिल्ली से आप-दा हटने पर ही विकास और सुशासन का डबल इंजन आएगा।

आप-दा सरकार यहां प्रधानमंत्री आवास योजना को भी ठीक से लागू नहीं कर रही है, गरीबों के लिए पक्के घर बनाने में अड़चनें डाल रही है। उन्होंने कहा मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें।

### अफगानिस्तान में नये गृहयुद्ध कराने की तैयारी में जुटी पाकिस्तानी सेना

**इस्लामाबाद।** तालिबान के साथ लगातार तनाव के बाद अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को लेकर एकदम नए प्लान पर काम कर रहा है। पाकिस्तानी सेना अफगानिस्तान के अंदर एक बार फिर से नए गृहयुद्ध शुरू कराने की तैयारी में जुटी है। हाल ही में पाकिस्तानी सेना की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई के चीफ असीम मलिक ने ताजिकिस्तान दौरे के बाद ये चर्चा तेज हो गई है। मलिक ने ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। यहां ये ध्यान रखना जरूरी है कि ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति तालिबान की वापसी का खुलकर विरोध किया था। पाकिस्तान आईएसआई चीफ की यात्रा के बारे में दावा किया जा रहा है कि इसका उद्येश्य में ताजिकिस्तान में बैठे तालिबान विरोधी अफगान नेताओं से संपर्क बढ़ाना था। पाकिस्तान तेजी से ईरान, ताजिकिस्तान, यूरोप में तालिबान विरोधी नेताओं के साथ संपर्क स्थापित कर रहा है।

# मुजफ्फरपुर में बनेगा रिंग रोड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

पटना/मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को मुजफ्फरपुर जिले में संपन्न प्रगति यात्रा के बाद समीक्षा बैठक में जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि हम सब तरह के काम करा दिये हैं लेकिन हमें जानकारी मिली है कि मुजफ्फरपुर शहर में ट्रैफिक जाम की बहुत समस्या है। इसके लिए मुजफ्फरपुर के पूर्वी भाग में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। रामदयालु चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए गोबरसही एवं रामदयालु नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। साथ ही मधौल-रामदयालु पथ का चौड़ीकरण भी किया जायेगा। सबहा चौक से मरीचा तक पथ का निर्माण कराया जायेगा। यह पथ बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड का नाम अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर किया जायेगा। नीतीश ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। हम दो बार गलती से उधर चले गए थे, अब एनडीए में ही रहेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे। हिंदू-मुस्लिम सहित सभी वर्गों के हित के लिए हमने काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी सभी जानते हैं। शाम में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। उनलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। जबसे हमलोगों की सरकार आयी महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्य किए गए, जिसके फलस्वरुप आज काफी बदलाव देखने को मिल रहा है।

**▸▸ रामदयालु नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द बनेगा आरओबी : मुख्यमंत्री**

**▸▸ एनडीए में ही रहेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे : नीतीश**



### रुस के पत्रकार की ड्रोन हमले में मौत

**मॉस्को।** डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में रुस के एक युद्ध संवाददाता की मौत हो गई और चार अन्य मीडियाकर्मी घायल हो गए है।ड्रोन ने डोनेट्स्क-गोरलोव्का राजमार्ग पर रूसी पत्रकारों को ले जा रही एक कार को टक्कर मार दी जिससे रूस के अखबार इजवेस्टिया के संवाददाता अलेक्जेंडर मार्टेम्यानोव की मौत हो गई। घायलों में शामिल आरआईए नोवोस्ती के संवाददाता मैक्सिम रोमानेंको ने कहा कि गोर्लोव्का में गोलाबारी के बाद का फिल्मांकन करने के बाद हम डोनेट्स्क लौट रहे थे तभी एक कामिकेज ड्रोन ने राजमार्ग पर हमारी कार को टक्कर मार दी। डेनिस पुशिलिन ने कहा कि सभी घायल पत्रकारों का इलाज चल रहा है।



**नयी दिल्ली में 92वें जन्मदिवस पर मुरली मनोहर जोशी को बधाई देते अमित शाह और राजनाथ सिंह।**

# छह कंपनियों का मार्केट कैप 82861 करोड़ बढ़ा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 6 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई, वहीं 4 के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। फायदे में रहने वाली 6 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 82,861.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। वहीं नुकसान में रहने वाली 4 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 96,605.66 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इसमें सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक फायदे में रही। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, आईटीसी, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 524.04 अंक यानी 0.66 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 191.35 अंक यानी 0.80 प्रतिशत मजबूत हो गया। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 37,025.46 करोड़ रुपये घट कर 13,37,919.84 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 29,324.55 करोड़ रुपये कम होकर 8,93,378.50 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। इसके अलावा टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 24,856.26 करोड़ रुपये घट कर 14,83,144.53 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 5,399.39 करोड़ रुपये घट कर 7,08,168.60 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 41,138.41 करोड़ रुपये बढ़ कर 16,93,373.48 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 15,331.08 करोड़ रुपये उछल कर 5,65,194.18 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 13,282.49 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,74,689.29 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 9,031.19 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,04,834.34 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 3,878.63 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 6,03,064.44 करोड़ रुपये के स्तर पर और भारती एयरटेल का मार्केट कैप 199.36 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,10,934.58 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,93,373.48 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही।

**▸▸ सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी को, रिलायंस सबसे अधिक फायदे में**



### अगले सप्ताह 7 नये आइपीओ की लांचिंग

नयी दिल्ली। सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान नए आईपीओ की लॉन्चिंग और शेयरों की लिस्टिंग से प्राइमरी मार्केट में हलचल बनी रहने वाली है। 6 जनवरी से शुरू हो रहे इस सप्ताह में 7 नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इसके साथ ही पिछले सप्ताह लॉन्च हुए तीन आईपीओ में भी इस सप्ताह बोली लगाई जा सकेगी। इसी तरह सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान 6 कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरूआत करने जा रही हैं। 6 जनवरी को स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का 410.05 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ की क्लोजिंग 8 जनवरी को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 133 से 140 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 107 शेयर का है। 6 जनवरी को ही इंडोबेल इंसुलेशन का 10.14 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है।

